प्रयागराज, कानपुर रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 14 अंक : 315 | शुक्रवार 07 नवम्बर, 2025 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया

## अमित शाह का राहुल पर वार

### सेना को धर्म-जाति में बांटने की कोशिश, शर्म आनी चाहिए

***केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी पर सेना को धर्म और जाति के आधार पर बांटने का आरोप लगाया। राहुल गांधी की श्सेना पर 10: आबादी का नियंत्रणश वाली टिप्पणी के बाद शाह ने कहा कि भारतीय सेना सभी धर्मों और जातियों के बहादुर सैनिकों का सम्मान करती है। उन्होंने ऐसे बयानों को शर्मनाक बताते हुए सेना की एकता का महत्व बताया।***



नई दिल्ली 06 नवम्बर (एजेंसी)केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर सेना को धार्मिक और जातिगत आधार पर ष्बाँटनेष् का आरोप लगाया। कुछ दिन पहले ही लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सेना पर 10: आबादी का नियंत्रण है वाली टिप्पणी की थी, जिस पर उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। उन्होंने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव पर भी निशाना साधा। वरिष्ठ भाजपा नेता ने राष्ट्र-विरोधी पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (च्थ्प्) पर कार्रवाई के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी सराहना की।अमित शाह ने भीड़ से पूछा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को सुरक्षित बनाया है। च्थ्प् (पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया) तो फुलवारीशरीफ तक पहुँच गया था। यह एक राष्ट्र-विरोधी संगठन था... मुझे बताइए, च्थ्प् पर प्रतिबंध लगना चाहिए या नहीं? उन्होंने कहा कि केरल से लेकर फुलवारीशरीफ तक, प्रधानमंत्री मोदी ने च्थ्प् के सभी लोगों को सलाखों के पीछे डाल दिया। लालू कहते हैं कि उन्हें रिहा कर देना चाहिए। लालू जी, वे कभी रिहा नहीं होंगे, मेरे शब्द याद रखना।सितंबर 2022 में गृह मंत्रालय ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (च्थ्प्) और उसके सहयोगियों को श्गैरकानूनी संगठनश घोषित किया। अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी ने अभी-अभी एक बयान दिया है कि हमारी सेना में हमारे धर्म की एक खास जाति के कितने लोग हैं। शर्म आनी चाहिए राहुल गांधी। आप सेना को धर्म और जाति के आधार पर बांट रहे हैं। हम सेना में शामिल होने वाले किसी भी जाति या धर्म के बहादुर सैनिकों का सम्मान करते हैं।मंगलवार को एक चुनावी रैली में, राहुल गांधी ने दावा किया था कि भारतीय सेना ष्देश की 10 प्रतिशत आबादी के नियंत्रण में है,ष् जो स्पष्ट रूप से इस संस्था में उच्च जातियों के प्रभुत्व का हवाला दे रहा था। भारत के चुनाव आयोग (म्ब्) द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, बिहार में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए शाम 5रू00 बजे तक 60.13 प्रतिशत मतदान हुआ है।

## वोट चोरी के आरोपों पर यूपी सरकार के मंत्री ने दी प्रतिक्रिया

### राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कही ये बात

**यूपी सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने योगी सरकार की उपलब्धियों पर भी बात की और कानून व्यवस्था की सराहना की।**



लखनऊ 06 नवम्बर (एजेंसी)योगी सरकार के मंत्री नंद गोपाल नंदी बृहस्पतिवार को सुल्तानपुर पहुंचे। यहां उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल के एक निजी कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान मंत्री नंदी ने राहुल गांधी के श्वोट चोरीश के आरोपों पर प्रतिक्रिया दी। नंदी ने कहा कि राहुल गांधी पहले भी ऐसे आरोप दो बार उठा चुके हैं। उन्होंने राहुल पर तंज कसते हुए कहा कि वे श्सुबह कुछ करते हैं, दोपहर कुछ करते हैं और शाम कुछ करते हैं।मंत्री नंदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े आठ साल से प्रदेश में गुंडे और माफियाओं का सफाया किया जा रहा है। नंदी ने बताया कि सरकार ऐसे अपराधियों को कड़ी सजा दे रही है, जिसका परिणाम यह है कि उत्तर प्रदेश में उद्योगों में निवेश लगातार बढ़ रहा है।उन्होंने जोर देकर कहा कि जो भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में लेगा, उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि आम जनता, व्यापारी और नागरिक भयमुक्त होकर अपना जीवन और व्यवसाय चला सकें। मंत्री नंदी के अनुसार, प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में ऐसा माहौल तैयार हुआ है, जहां लोग बिना किसी डर के कहीं भी आ-जा सकते हैं और व्यापार कर सकते हैं।अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड के मुख्य आरोपी के दो साल से फरार होने के सवाल पर मंत्री नंदी ने कहा कि उन्हें इस मामले की पूरी जानकारी नहीं है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री का मत है कि कानून को हाथ में लेने वाले या कानून के खिलाफ काम करने वाले किसी भी व्यक्ति को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि कोई भी व्यक्ति कानून का उल्लंघन करेगा तो उसे निश्चित रूप से सजा मिलेगी।

## अवैध निर्माण रोकने गई पुलिस से महिला की बहस,ग्रेटर नोएडा में हंगामा

नोएडा,। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के शाहबेरी स्थित बालाजी एन्क्लेव में एक महिला की ओर से अवैध निर्माण कराया जा रहा था। निर्माण कार्य पर रोक के बावजूद महिला अपने फ्लैट में काम करवा रही थी और कॉमन एरिया में भी निर्माण सामग्री जमा कर रखी थी। स्थानीय निवासियों ने इस अवैध निर्माण का विरोध किया। इसके बाद महिला ने उनसे विवाद किया। इस बात को लेकर पुलिस को इसकी सूचना दी गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचे और पुलिस ने महिला को समझने की कोशिश की लेकिन पुलिस टीम से भी महिला ने अभद्र भाषा में बात की और हंगामा किया। इसके बाद इसकी सूचना अथॉरिटी का अधिकारियों को दी गई ।

## सिद्धारमैया 7 नवंबर को गन्ना किसानों से करेंगे बातचीत, आंदोलन के लिए केंद्र को ठहराया जिम्मेदार

***सिद्धारमैया ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने चल रहे आंदोलन पर चर्चा के लिए हावेरी, बेलगावी, विजयपुरा और बागलकोट के चीनी मिल मालिकों और किसान प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक बुलाई है।***



नई दिल्ली 06 नवम्बर (एजेंसी)कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने गुरुवार को कहा कि गन्ने का उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी) तय करना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है। उत्तरी कर्नाटक के गन्ना किसान 3,500 रुपये प्रति टन की मांग को लेकर अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखे हुए हैं। उन्होंने किसानों से अपना आंदोलन तेज न करने का आग्रह किया और उन्हें शुक्रवार को बेंगलुरु में बातचीत के लिए बुलाया। सिद्धारमैया ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने चल रहे आंदोलन पर चर्चा के लिए हावेरी, बेलगावी, विजयपुरा और बागलकोट के चीनी मिल मालिकों और किसान प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक बुलाई है। उन्होंने कहा कि एफआरपी केंद्र सरकार द्वारा तय की जाती है। इस साल, कटाई और परिवहन सहित एफआरपी वसूली 10.25 प्रति टन तय की गई है। मुख्यमंत्री ने किसानों से बैठक में शामिल होने और राजमार्गों को अवरुद्ध करने से बचने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि मैं किसानों से अनुरोध करता हूँ कि वे इस तरह की हड़ताल न करें और जनता को असुविधा न पहुँचाएँ। उन्होंने आगे कहा कि वह तुरंत प्रधानमंत्री से मिलने का समय मांगेंगे। सिद्धारमैया ने चीनी विनियमन और इथेनॉल आवंटन को लेकर भी केंद्र की आलोचना की। उन्होंने कहा कि केंद्र ने न केवल गन्ने की कीमतें तय कीं, बल्कि चीनी का विनियमन भी किया, निर्यात रोक दिया और कर्नाटक को केवल 47 करोड़ लीटर इथेनॉल आवंटित किया, जबकि राज्य 270 करोड़ लीटर इथेनॉल का उत्पादन करता है।उन्होंने विपक्ष पर किसानों की मासूमियत का फायदा उठानेष् का आरोप लगाया, जबकि राज्य ने डिजिटल तौल मशीनों के लिए निविदा जारी करने और कटाई व उपज की निगरानी के लिए समितियाँ गठित करने जैसे कदम उठाए हैं।

## विश्व विजेता महिला टीम से मिलीं राष्ट्रपति मुर्मू

### कहा- आप भारत का प्रतिबिंब, युवाओं की प्रेरणा

**आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की, जिन्होंने उन्हें इतिहास रचने और युवा पीढ़ी के लिए आदर्श बनने पर बधाई दी। यह जीत 2005 और 2017 की असफलताओं के बाद भारत का वर्षों पुराना सपना साकार करती है।**



नई दिल्ली 06 नवम्बर (एजेंसी)विश्व कप विजेता भारतीय दल ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। भारत के राष्ट्रपति के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर लिखा गया, ष्आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्यों ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने टीम को बधाई दी और कहा कि उन्होंने इतिहास रच दिया है और युवा पीढ़ी के लिए आदर्श बन गई हैं।इस अवसर पर, राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि विश्व कप विजेता टीम भारत का प्रतिबिंब है। वे विभिन्न क्षेत्रों, विभिन्न सामाजिक पृष्ठभूमियों, विभिन्न परिस्थितियों का प्रतिनिधित्व करती हैं, लेकिन वे एक टीम इंडिया हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम को संबोधित करते हुए कहा कि मैं यहाँ चैंपियनों के बीच आकर बहुत खुश हूँ। दुनिया भर के भारतीय आपकी जीत का जश्न मना रहे हैं...आज, दुनिया भारत के साथ जश्न मना रही है...मेरी कामना है कि आप सभी देश को गौरवान्वित करते रहें।भारत का आईसीसी महिला विश्व कप जीतने का वर्षों पुराना सपना आखिरकार 2005 और 2017 के फाइनल में मिली दो असफलताओं के बाद साकार हुआ, जब उसने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। इस मैच में शेफाली शर्मा (87 और 2ध्36) और दीप्ति शर्मा (58 और 5ध्39) ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया जो लाखों लोगों के दिलों में हमेशा के लिए अंकित हो जाएगा और भविष्य के क्रिकेटरों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।बुधवार को, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 नवंबर को लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक विश्व कप जीत पर मेजबानी की। प्रधानमंत्री मोदी ने टीम को जीत की बधाई दी और लगातार तीन हार और सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग के बाद टूर्नामेंट में उनकी शानदार वापसी की सराहना की। खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री मोदी को श्नमो 1श छपी एक हस्ताक्षरित जर्सी भेंट की। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष मिथुन मन्हास भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## योगी सरकार मेहरबान, 20 रुपये खर्च कर पिता को करना होगा रजिस्ट्रेशन

### अब धूमधाम से होगी मजदूरों की बेटियों की शादी



लखनऊ 06 नवम्बर (एजेंसी) योगी सरकार बेटियों की सुरक्षा के साथ ही उनके करियर और शादी को लेकर गम्भीर है। योजनाएं बन रही हैं। निचले पायदान पर माने जाने वालों को राहत देने का काम लगातार हो रहा है। सरकार ने निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों की बेटियों को बड़ी सौगात दी है। अब इन बेटियों की शादी के लिए एक लाख रुपए तक की आर्थिक मदद मिल सकेगी। मदद के लिए अब श्रमिकों को अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इस रजिस्ट्रेशन और सालाना अंशदान के मद में केवल 20 रुपए खर्च करना होगा। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड बीओसीडब्ल्यू ने अब श्रमिकों की बेटियों की शादी के लिए आर्थिक सहायता राशि को बढ़ाकर तीन श्रेणियों में बांटा है। सामान्य विवाह पर 65 हजार, अंतर्जातीय विवाह पर 75 हजार और सामूहिक विवाह पर 85 हजार प्रति जोड़े की सहायता दी जाएगी। शादी के आयोजन के लिए अलग से 15 हजार रुपये उपलब्ध कराए जाएंगे। योजना से प्रदेश के 1.88 करोड़ से अधिक पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के परिवार लाभान्वित होंगे। वर्तमान में बोर्ड में 1.88 करोड़ से ज्यादा श्रमिक पंजीकृत हैं, जो ईंट-गारा, सीमेंट, सरिया और पसीने से शहरों को चमकाते हैं। सरकार का मानना है कि श्रमिकों की बेटियों की शादी अक्सर आर्थिक तंगी की वजह से देरी से या सादगी से हो जाती है।इससे न सिर्फ शादी धूमधाम से होगी बल्कि अंतर्जातीय विवाह को प्रोत्साहन मिलेगा, जो सामाजिक समरसता का प्रतीक है।आवेदन प्रक्रिया सरल और पारदर्शी रखी गई है। श्रमिक ृ.नचइवबूइवंतक.पद वेबसाइट पर या नजदीकी जन सेवा केंद्र के माध्यम से पूरी तरह ऑनलाइन और निरूशुल्क आवेदन कर सकते हैं। पंजीकरण के लिए केवल 20 शुल्क और 20 रुपए वार्षिक अंशदान देना होता है। इसके बाद श्रमिक बोर्ड की सभी कल्याण योजनाओं के पात्र हो जाते हैं। आवेदन के साथ आधार कार्ड, श्रमिक पंजीकरण कार्ड, विवाह प्रमाण पत्र विवाह के बाद और बैंक खाता विवरण संलग्न करना होगा। राशि सीधे लाभार्थी के खाते में डीबीटी के जरिए आएगी।श्रम मंत्री अनिल राजभर के मुताबिक योगी का सपना है कि कोई भी श्रमिक बेटी आर्थिक तंगी की वजह से अपनी शादी का सपना न तोड़े। यह योजना न सिर्फ आर्थिक मदद देगी बल्कि सामूहिक विवाह को बढ़ावा देकर सामाजिक एकता भी मजबूत करेगी। बोर्ड के अधिकारियों के मुताबिक, पिछले साल तक सामान्य विवाह पर 51 हजार की सहायता दी जाती थी, जिसे अब बढ़ाकर 65 हजार किया गया है। अंतर्जातीय और सामूहिक विवाह पर अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि सामाजिक सुधार की दिशा में कदम है। उन्होंने श्रमिकों से अपील की कि वे जल्द पंजीकरण कराएं और योजना का लाभ उठाएं। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के निर्माण श्रमिक पात्र हैं। बोर्ड ने हेल्पलाइन नंबर 1800-1800-123 भी जारी किया है, जहां कोई भी जानकारी ले सकता है। योगी सरकार की यह पहल श्रमिकों के प्रति उनकी संवेदनशीलता को दर्शाती है और उम्मीद है कि इससे हजारों बेटियों की शादी धूमधाम से होगी।

## विकास की नई रफ्तार!

### पीएम मोदी 4 वंदे भारत ट्रेनों को दिखाएंगे हरी झंडी, जुड़ेंगे बड़े शहर

**प्रधानमंत्री मोदी 8 नवंबर को वाराणसी से चार नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। ये ट्रेनें बनारस-खजुराहो, लखनऊ-सहारनपुर, फिरोजपुर-दिल्ली और एर्नाकुलम-बेंगलुरु मार्गों पर चलकर क्षेत्रीय गतिशीलता, पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देंगी, साथ ही यात्रा समय में भी कमी लाएंगी।**



नई दिल्ली 06 नवम्बर (एजेंसी)प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 नवंबर को उत्तर प्रदेश में अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी का दौरा करेंगे और चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें बनारस-खजुराहो, लखनऊ-सहारनपुर, फिरोजपुर-दिल्ली और एर्नाकुलम-बेंगलुरु मार्गों पर चलेंगी। प्रमुख गंतव्यों के बीच यात्रा के समय को उल्लेखनीय रूप से कम करके, ये ट्रेनें क्षेत्रीय गतिशीलता को बढ़ाएंगी, पर्यटन को बढ़ावा देंगी और देश भर में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देंगी।प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, बनारस-खजुराहो वंदे भारत इस मार्ग पर सीधा संपर्क स्थापित करेगी और वर्तमान में चल रही विशेष ट्रेनों की तुलना में लगभग 2 घंटे 40 मिनट की बचत करेगी। यह वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट और खजुराहो सहित भारत के कुछ सबसे प्रतिष्ठित धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों को जोड़ेगी। यह संपर्क न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को मजबूत करेगा बल्कि तीर्थयात्रियों और यात्रियों को खजुराहो के यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल तक एक तेज, आधुनिक और आरामदायक यात्रा भी प्रदान करेगा।लखनऊ-सहारनपुर वंदे भारत लगभग 7 घंटे 45 मिनट में यात्रा पूरी करेगी, जिससे यात्रा का लगभग 1 घंटा समय बचेगा। इससे लखनऊ, सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, बिजनौर और सहारनपुर के यात्रियों को बहुत लाभ होगा। फिरोजपुर-दिल्ली वंदे भारत इस रूट पर सबसे तेज चलने वाली ट्रेन होगी, जो सिर्फ 6 घंटे 40 मिनट में यह यात्रा पूरी करेगी। फिरोजपुर-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस राष्ट्रीय राजधानी और पंजाब के प्रमुख शहरों, जिनमें फिरोजपुर, बठिंडा और पटियाला शामिल हैं, के बीच संपर्क को मजबूत करेगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस ट्रेन से व्यापार, पर्यटन और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलने, सीमावर्ती क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान और राष्ट्रीय बाजारों के साथ बेहतर एकीकरण को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।दक्षिण भारत में, एर्नाकुलम-बेंगलुरु वंदे भारत यात्रा के समय को 2 घंटे से ज़्यादा कम कर देगी, जिससे यह यात्रा 8 घंटे 40 मिनट में पूरी होगी। एर्नाकुलम-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस प्रमुख आईटी और वाणिज्यिक केंद्रों को जोड़ेगी, जिससे पेशेवरों, छात्रों और पर्यटकों को तेज और अधिक आरामदायक यात्रा का विकल्प मिलेगा। यह रूट केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक के बीच आर्थिक गतिविधियों और पर्यटन को बढ़ावा देगा, जिससे क्षेत्रीय विकास और सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

## वोटर लिस्ट में धांधली का आरोप: ममता बोलीं, मेरे फार्म लेने की खबर झूठी और अफवाह

नई दिल्ली 06 नवम्बर (एजेंसी)पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए गणना फॉर्म स्वीकार करने के किसी भी दावे को खारिज करते हुए कहा कि जब तक बंगाल में हर व्यक्ति फॉर्म नहीं भरता, तब तक वह ऐसा करने से बचेंगी। बनर्जी पश्चिम बंगाल और 11 अन्य राज्यों में चल रही एसआईआर प्रक्रिया का विरोध कर रही हैं और उनका आरोप है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस प्रक्रिया का इस्तेमाल मतदाता सूची में फर्जी वोट डालने के लिए कर रही है।बनर्जी ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि जब तक बंगाल का हर व्यक्ति फॉर्म नहीं भरेगा, मैंने खुद कोई फॉर्म नहीं भरा है और न ही भरूँगी। विभिन्न मीडिया और अखबारों ने प्रकाशित किया है कि श्मैं अपने घर से बाहर आई और अपने हाथों से बीएलओ से गणना फॉर्म प्राप्त किया!श यह खबर पूरी तरह से झूठी, भ्रामक और जानबूझकर किया गया दुष्प्रचार है। उनके अनुसार, बुधवार को एक बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) उनके कालीघाट स्थित आवास पर आए और इलाके के कुछ निवासियों को गणना फॉर्म दिया।

# सम्पादकीय

## उमर खालिद के समर्थन में दिग्विजय सिंह, भाजपा ने किया विरोध

मालूम हो कि जब बलात्कार के आरोप में जेल में बंद आसाराम बाबू की अक्सर जमानत हुआ करती है तो ऐसे में कुछ लोगों खासतौर से देश के जाने–माने वकीलों के द्वारा यह सवाल अक्सर उठाया जाता है कि पिछले पांच सालों से जेल में बंद उमर खालिद और उसके साथियों को जमानत क्यों नहीं मिल रही है। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि अब इसी आवाज उठाने के क्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह उमर खालिद और उनके दूसरे अन्य सहयोगियों के समर्थन में अपनी बात जब बहुत ही प्रमुखता से कही तो उन्हें भाजपा के विरोध ा का सामना करना पड़ा। विदित हो कि फरवरी 2020 में दिल्ली के उत्तर–पूर्वी हिस्से में हुए सांप्रदायिक दंगों के मामले में आरोपी उमर खालिद को लेकर कांग्रेस नेता और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने उमर खालिद को बेकसूर बताया और उसकी तुरंत रिहाई की मांग की है। दिग्गज कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने लिखा कि उमर खालिद एक पीएचडी स्कॉलर हैं, बेहद पढ़े–लिखे और संवेदनशील व्यक्ति हैं, और उनके खिलाफ कोई आरोप अब तक साबित नहीं हुआ है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के सिद्धांत का हवाला देते हुए कहा किष्बेल एक अधिकार है, जेल अपवाद, लेकिन उमर के मामले में ये बात लागू नहीं हो रही। दिग्विजय सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार के दबाव में अदालतें सुनवाई की तारीखें लगातार टाल रही हैं और उमर पिछले साढ़े पांच साल से जेल में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की वजह से न्याय मिलने में देरी हो रही है। दिग्विजय सिंह के इस बयान पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। मध्यप्रदेश के भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि दिग्विजय सिंह का व्यवहार अब किसी पाकिस्तानी और विदेशी जैसा लगने लगा है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिग्विजय सिंह आतंकवादियों के प्रति सहानुभूति रखते हैं और उन्हें जी कहकर संबोधित करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस से अपील की कि दिग्विजय सिंह को पार्टी से दूर रखें, वरना वह कांग्रेस को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। आपको बता दें कि उमर खालिद को 13 सितंबर 2020 को दिल्ली दंगों की साजिश के आरोप में गिरतार किया गया था। उन पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम यानी न।च। के तहत मामला दर्ज है। दिल्ली पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल अपने हलफनामे में कहा है कि 2020 के दंगे अचानक नहीं भड़के थे, बल्कि यह एक रेजिम–चेंज ऑपरेशन यानी सत्ता परिवर्तन की साजिश थी। पुलिस का दावा है कि इन दंगों का मकसद देश को अस्थिर करना और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि को नुकसान पहुंचाना था। सिर्फ इतना ही नहीं, पुलिस ने अपने हलफनामे में यह भी कहा है कि उमर खालिद और अन्य आरोपियों ने जानबूझकर अदालत की कार्यवाही में देरी की है और उनके खिलाफ तकनीकी, दस्तावेजी और गवाहों के बयान जैसे सबूत मौजूद हैं। पुलिस का कहना है कि यह साजिश अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत दौरे के समय को ध्यान में रखकर रची गई थी ताकि अंतरराष्ट्रीय मीडिया का ध्यान खींचा जा सके। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई चल रही है. उनके वकीलों का कहना है कि उमर खालिद के खिलाफ कोई प्रत्यक्ष सबूत नहीं।



नफीस जाफरी

## बिहार विधानसभा चुनावों में जेपी की धरती पर उनके चेलों के बीच हो रहा महाभारत

बिहार में विधानसभा चुनावों में जयप्रकाश नारायण के चेलों के बीच उनकी मातृभूमि पर महाभारत हो रहा है। इसमें धुर्त क्रीड़ा भी हो रही है। सत्ता रूपी द्रौपदी असमंजस में है। कौरवों और पांडवों की पहचान जनता करेंगी। लेकिन इतना तय है कि एक कुल का नाश होना है।बिहार विध ाानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी है।अब चुनाव पूरे रंग पर है ।आगामी 9 नवंबर तक पूरे बिहार पूरे देश के राजनीतिक लोगों, विश्लेषकों, साफोजोलिस्टो, मीडिया के तमाम संपादकों का डेरा जमा है बताया जाता है कि भारी संख्या में विदेशी मीडिया भी पटना में डेरा जमाए हैं। पटना के पांच सितारा होटल चाणक्य,मगध, मौर्य सीरियन में सभी कमरे फुल है और वीआइपी टैक्सी सुबह ही गांव, देहात, कस्बों में दौडने लगती हैं। आखिर विधानसभा चुनाव इतने महत्वपूर्ण क्यों हैं और इसका क्या कारण है। दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रोज बिहार में रैली कर रहे हैं और राजद कांग्रेस की ओर से तेजस्वी यादव, राहुल गांधी, सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खडगे, प्रियंका गांधी और सबसे अधिक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाक का बाल बन गया है यह चुनाव । प्रभात खबर के पॉलिटिकल एडिटर राजदेव पाण्डेय कहते हैं कि बिहार विधानसभा चुनावों में ऊंट किस करवट बैठ जाएगा कुछ नहीं कह सकते। राजग और इंडिया ब्लॉक में लड़ाई कांटे की है। पूरा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तेजस्वी यादव के बीच लग रहा है।यहां तक कि कई नेताओं को तो भीड़ सुनने ही नहीं आ रही है। इंडिया ब्लॉक खेमे में तेजस्वी यादव की मांग है । कांग्रेस, सीपीएम, सीपीई,के उम्मीदवार भी राजद के पटना ऑफिस में लगातार मेल भेज रहे हैं और हृष्ध में यही हालत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, योगी आदित्यनाथ की बनी हुई है। जेडीयू उम्मीदवार भी योगी आदित्यनाथ की सभाएं करवा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की समस्तीपुर रेली से निकले उदित चक्रवार कहते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बात पर भरोसा है।जबकि दुलारी निषाद कहती है कि नीतीश कुमार ने महिलाओं को दस हजार रुपए दे कर मामले को पटत दिया है। मुजफरपुर में सभा में शामिल उस्मानी बेगम लालू प्रसाद यादव के जंगलराज से नाराज है क्योंकि उनके साथ उदंड लोग जुड़े हैं।

लेकिन तेजस्वी यादव का अपना वोट बैंक है । अधिकतर मुस्लिम राजद खेमे के उम्मीदवार को पसंद कर रहे हैं।

पटना की शाम में चर्चा है कि नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री पद पर आसीन होंगे क्योंकि केंद्रीय सरकार उनके समर्थन से टिकी है। चर्चा यह भी है कि नीतीश कुमार को पिछड़ी जातियों, स्वर्ण वोट का समर्थन है । लेकिन बिहार चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी रहने वाली है।दरअसल इस चुनाव को भविष्य का क्वाटर फाइनल मुकाबला कह सकते हैं फाइनल उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में होगा क्योंकि इन दोनों राज्यों में अभी 120 लोकसभा सीट है परिसीमन के बाद 200 होने की संभावना है। सीपीई,सीपीएम,सीपीएम माले भी 20 विधानसभा सीट पर ताकत आजमाएगी। पश्चिमी बंगाल से लगे क्षेत्रों में इनका भी असर है। तेजस्वी यादव अपना बीस साल का सुखा खत्म करना चाहते हैं।जयप्रकाश नारायण की धरती पर महाभारत हो रहा है। उनके चेले नीतीश कुमार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,लालू प्रसाद यादव, महाभारत के पात्र हैं। पटना का गांधी मैदान इन संघर्षों का साक्षी रहा है। तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व श्रीमती इंदिरा गांधी के खिलाफ 1974 में विगुल यही से फूंका गया था। जिसकी वजह से आपातकाल लगा और 1977 में कांग्रेस को हरा कर जनता पार्टी ने केंद्रीय सत्ता पर कब्जा किया था।तब से गंगा में बहुत पानी बह गया है। कांग्रेस अब तीसरे चौथी पार्टी है और राजद की भागीदार है। कांग्रेस अगर अकेले चुनाव में जाय तो पांच फीसदी वोट भी नहीं मिलेंगे। लेकिन कांग्रेस को राजद ने 62 सीट दे कर उसका मान बढ़ा दिया है। इससे मुस्लिम मतों ा बिखराव कम होता नजर आ रहा है।वैचारिक ध ारातल पर बिहार में 2005 के बाद ही काम हो सका था क्योंकि औद्योगिकरण बिहार अन्य राज्यों की तुलना में बिछड़ गया था।



गुलफिशा खान

## बिहार के चुनाव परिणाम तय करेंगे इनका राजनीतिक भविष्य

बिहार में कल यानी बीते छह नवंबर को पहले चरण का मतदान संपन्न हो गया। मालूम हो कि पहले चरण के मतदान के लिए हुए चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस की नेता प्रियंका गांधी ने बिहार के सोनबरसा में एक चुनावी रैली की. इस रैली में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। प्रियंका ने इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसा और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक नया मंत्रालय बनाना चाहिए, अपमान मंत्रालय। प्रियंका का कहना था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समय बेहद कीमती है। उन्हें इसे बेकार नहीं जाने देना चाहिए। प्रियंका ने कहा, मैं प्रधानमंत्री को एक सुझाव देना चाहती हूं। एक नया मंत्रालय बना दें अपमान मंत्रालय... वे सूची बनाते रहते हैं कि इसने मुझे गाली दी, उसने अपमान किया, वे अपना समय क्यों व्यर्थ कर रहे हैं? यह काम अपमान मंत्रालय कर देगा। उनका समय देश के लिए काम करने में, रोजगार देने में लगना चाहिए।

बहरहाल, मैं अपने इस आलेख में चर्चा कर रहीं हूं बिहार की राजनीति के दिग्गज नेता, पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केन्द्रीय मंत्री और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, बिहार के वर्तमान मुख्यमंत्री और जनता दल यू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार और जन सुराज पार्टी के संस्थापक पीके के नाम से मशहूर प्रशांत किशोर की। गौरतलब है कि बिहार के इन तीनों दिग्गज नेताओं के लिए इस बार का विधानसभा चुनाव काफी अहम है। खासतौर से उनके खुद के राजनीतिक वजूद के लिए भी। लेकिन बात पहले लालू प्रसाद यादव की तो राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव एक स्वतः जागृत छात्र क्रांति के उपज रहे हैं। एक विशुद्ध छात्र नेता जो बिहार के सबसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से निकले, जिन्हें अवसर मिला तो महज 29 वर्ष में लोकसभा सांसद बन गए। फिर विधानसभा में चुने गए। कर्पूरी जी के देहांत के बाद नेता प्रतिपक्ष भी बने और सन 1990 में मुख्यमंत्री। यहां एक गौर करने वाली बात है कि मुख्यमंत्री बनने के पहले लालू कभी सरकार में शामिल नहीं रहे। सरकार एक अलग व्यवस्था है, जिसका सिर कोई दल या गठबंधन होता है, लेकिन उसका शरीर अलग एक व्यवस्था है। मेरा यह मानना है कि लालू जी को सरकार चलाने का कोई अनुभव नहीं होना, उनके लिए एक दिक्कत का कारण है। विपक्ष जो कुछ भी कि आरोप लगाता है कि उसके जड़ में सरकार चलाने की अनुभवहीनता थी। जब तक उन्हें अनुभव होता वो चारा घोटाले में फंस गए। हालांकि कई वरिष्ठ पूर्व अधिकारियों का मानना है कि सार्वजनिक जीवन से दूर रहने वाली राबड़ी देवी मुख्यमंत्री बनी तो उनके पास फाइल पेंडिंग नहीं ही रहती थी। लालू जब सरकार चलाने में परिपक्व हुए और केंद्र में रेलवे मंत्री बने तो उस वक्त को एक बेहतरीन काल कहा जा सकता है। .



जहां तक बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सवाल है तो मालूम हो कि नीतीश जी भी उसी छात्र राजनीति की उपज रहे, लेकिन शुरुआती हार और फिर सामाजिक राजनीतिक संघर्ष ने उन्हें वापस जीत की राह दिखाई। वाजपेयी जी और आडवाणी जी उनके मेंटर बने। केंद्रीय राज्य मंत्री से लेकर रेल मंत्रालय तक का अनुभव नीतीश कुमार के पास था, जो उन्हें वापस बिहार में सरकारी कामकाज चलाने में जबरदस्त काम आया। सरकार और अधिकारियों की महत्ता और उनके ऊपर पकड़ का ज्ञान लेकर ही नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठे। शुरुआती दौर में उनके साथ काम कर चुके पूर्व वरिष्ठ अधिकारी यह अवश्य मानते हैं कि नीतीश कुमार 18–19 घंटे तक काम करते थे। आज ही देख लीजिए, मौसम खराब होने पर जब हेलिकॉप्टर में दिक्कत हुई तो वो स्वयं गाड़ी से चुनावी सभा में निकल गए। और अंत में बात जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर की तो प्रशांत किशोर के पास चुनाव में लड़ने वालों के लिए काम करने का अनुभव है, लेकिन स्वयं के दल का चुनाव लड़ाने का अनुभव उन्हें पहली बार हो रहा है। पदयात्रा करना, अच्छी–अच्छी बातें करना और चुनावी मैदान में उतरना, दोनों अलग–अलग बातें हैं। यह गैप उन्हें समझ में आ गया होगा। सरकार चलाने का अनुभव तो लगभग शून्य है। हालांकि सन 2015 में वो मुख्यमंत्री आवास में ही अपने दतर से निर्देश देते होंगे लेकिन वह चुनावी मौका था, सरकार चलाना नहीं। शायद यही वजह रही होगी कि सन 2015 में जब लालू नीतीश की सरकार बनी तो लालू अपने दोनों बेटों को मंत्रालय की समझ देने की भरपूर कोशिश की. उनके साथ अपने पसंद के अधिकारी ही नहीं लगाए, बल्कि सरकारी फाइल व्यवस्था को समझने का मौका दिया। दूसरी बार अगस्त 2022 में तेजस्वी ने जब उप मुख्यमंत्री के साथ वजन वाले मंत्रालय अपने पास रखे तो कई मामलों में त्वरित कारवाई देखी गई। बहरहाल यह कहा जाए तो गलत नहीं होगा कि सोशल मीडिया या मीडिया पर बढ़िया बातें बोलना, दल चलाना, चुनाव लड़ना और सरकार चलाने की समझ रखना, यह सब अलग अलग बातें हैं आगे जनता मालिक है, जो उसे पसंद वही सरकार है।

## भूमिहार समुदाय विभिन्न गठबंधनों के लिए एक चुनावी ज़रूरत है



फरीद वारसी

जैसे ही मोकामा में दुलारचंद यादव का मर्डर हुआ, बिहार का रक्त रंजित इतिहास एक बार फिर सामने आ गया। इसके बाद जो बयान आए वो पॉलिटिकल किलिंग की तरफ इशारे करने लगे। जिस जगह मर्डर हुआ ये गंगा का वो तराई का इलाका है, जिसे लेकर जानकार बताते है कि आस–पास का पूरा इलाका बाहुबल और अपराध के साये में रहा है। विदित हो कि बिहार के बीचों बीच बहती पवित्र गंगा के किनारे पटना जिले में पड़ने वाला मोकामा कभी एक औद्योगिक इलाका और दाल उत्पादन का एक महत्वपूर्ण केंद्र हुआ करता था। आज दुखद कड़वा सच ये है कि वही मोकामा राजनीति और अपराध के बीच सांठगांठ का प्रतीक बन गया है। यहां अतीत और वर्तमान में हिंसा, ताकत और चुनावी महत्वकांक्षा के विभिन्न पहलुओं पर आपस में टकराव होते रहे हैं। 2025 के विधानसभा चुनावों के आते ही यह इलाका नए आरोपों के साथ–साथ पुराने जातीय और आपराधिक संघर्षों की छाया में आ गया है। हाल ही में यहां एक पहले के माफिया डॉन 75 वर्षीय दुलारचंद यादव की हत्या के मामले में जेडीयू नेता और भूमिहार प्रत्याशी 64 साल के अनंत सिंह की गिरतारी यह दिखाता है कि इस अशांत इलाके में बाहुबलियों का असर कितना गहरा है, साथ ही यह टकराव अनंत सिंह के पुराने दुश्मन और कुख्यात बाहुबली सूरजभान सिंह के साथ भयंकर लड़ाई को फिर से जगा देता है।

राजधानी पटना से करीब 70 किलोमीटर दूर पवित्र गंगा नदी के किनारे बसे मोकामा पर एक खूनी इतिहास का दाग है। ये भूमिहारों के दो कुख्यात नेताओं, अनंत सिंह और सूरजभान सिंह के बीच 80 के दशक से ही लगातार टकराव के बीच उलझा हुआ है। उनका इतिहास गोलीबारी और खूनखराबे से भरा पड़ा है, क्योंकि वो सत्ता तक अपने बाहुबल और खौफ के बल पर आए और उस राजनीतिक प्रदेश में आगे बढ़ते गए जहां बाहुबल किसी भी रणनीति पर भारी पड़ता था। हाल ही राजनीतिक गुटों के बीच झड़प के दौरान जनसुराज समर्थक (लालू यादव के करीबी रह चुके) दुलारचंद की मौत ने मोकामा की समकालीन कहानी में एक और काला अध्याय जोड़ दिया है। अनंत सिंह के समर्थकों से जुड़ी यह घटना न केवल इस क्षेत्र के राजनीतिक जीवन के संकट को उजागर करती है बल्कि इस क्षेत्र में निर्दयी चालों से भरी भयावहता की याद भी दिलाती हैं। पुलिस दुलारचंद की मौत से जुड़ी परिस्थितियों की जांच कर रही है और शहर अपनी सांसें थामे रखे है, जो अपने हिंसक अतीत के भूतों और चुनावी बदलाव के अनिश्चित वादों के बीच उलझा हुआ है।

राज्य की वर्तमान राजनीतिक परि.श्य की वजह से ये पुराने दुश्मन आज चुनावी गठबंधनों और प्रतिद्वंद्विता के बीच फंसे हुए हैं। अनंत सिंह और सूरजभान सिंह को आमने सामने की लड़ाई किए करीब बीस साल हो गए हैं लेकिन आज भी उनके बीच दुश्मनी कम नहीं हुई है। अब की राजनीति में गोलियों की जगह मतपेटियों ने ले ली है। यह मोकामा में सत्ता की जटिलता को भी दिखाती हैं। 1992 में एक हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काटने के बाद सूरजभान सिंह अब अपनी पत्नी वीणा सिंह के जरिए राजनीति में वापसी की कोशिश कर रहे हैं। उनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं अब उनकी पत्नी वीणा देवी के कंधों पर टिकी हैं। वीणा सिंह की उम्मीदवारी न केवल राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने का प्रयास है बल्कि यह इन दो बाहुबलियों के साझा इतिहास और मतदाताओं के बीच उनकी निष्ठा का फायदा उठाने के लिए सोच समझ कर उठाया गया कदम है। चूंकि यह प्रचार अनंत सिंह के खिलाफ है, लिहाजा ये दांव राजनीतिक के साथ–साथ उतना ही व्यक्तिगत भी है।



बिहार की राजनीति के तेजी से बदलते स्वरूप में, जहां जाति और समुदाय अक्सर विचारधारा से अधिक निष्ठा को वरीयता देते हैं, भूमिहारों का समुदाय इसके विपरीत रहा है, जो ध्यान देने की चीज है। भूमिहारों की आबादी भले ही केवल 2.9 प्रतिशत है, पर 2025 के विधानसभा चुनावों की तारीखें नजदीक आने के साथ ही भूमिहार जोरदार राजनीतिक दांव–पेंच का केंद्र बन गए हैं। यहां होड़ केवल संख्याबल की वजह से नहीं बल्कि उनके प्रभाव, उनकी पारंपरिक पृष्ठभूमि और राजनीतिक सपनों के अस्तित्व की भी है। आखिर क्या कारण है कि राज्य की प्रमुख राजनीतिक पार्टियां, खासकर एनडीए और महागठबंधन, तीन फीसद से भी कम वोट वाले समुदाय को लुभाने में इतनी ताकत क्यों लगा रहे? इसका जवाब भूमिहारों के ऐतिहासिक और पारंपरिक महत्व में निहित है। पारंपरिक रूप से भूमिहारों की गिनती सवर्णों में (ब्राह्मणों के जैसे) होती है. बिहार के राजनीतिक परि.श्य में उनकी काफी ताकत रही है।

भूमिहारों की उत्पत्ति के बारे में यह माना जाता है कि प्राचीन काल में वो ब्राह्मण थे जिन्हें महान बौद्ध शासक सम्राट अशोक से भूमि का अनुदान प्राप्त हुआ था। जब उन्होंने हिंदू धर्म में वापसी करने का फैसला किया तो हिंदू पुजारियों ने उन्हें हिंदू वर्ण व्यवस्था में ब्राह्मणों के ठीक बाद स्थान दिया। कुछ उन्हें ब्राह्मण और राजपूतों का मिश्रण मानते हैं। पारंपरिक रूप से भूमिहार भू–स्वामी रहे हैं, और ये छोटी रियासतों और जमींदारियों, जैसे– बेतिया, टिकारी, हथुवा, तमकुही, शिवहर, पाकुड़, महिषादल, महेशपुर के अलावा उत्तर प्रदेश के वाराणसी पर अपना नियंत्रण रखते थे। ब्रिटिश शासन के दौरान भूमिहार बड़ी संख्या में सेना में शामिल हुए और एक लड़ाके के रूप में उन्होंने अपनी छवि बनाई।

भूमिहार समुदाय ने बड़ी संख्या में रचनात्मक बुद्धिजीवियों को दिया है, चाहे वो वीर रस परंपरा के आइकॉन राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर हों या राहुल सां.त्यायन, रामवृक्ष बेनीपुरी और अन्य कई लेखक। कविराज दिनकर के सम्मान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 नवंबर, 2025 को पटना के दिनकर चौक से अपने रोड शो की शुरुआत करते हुए इसी परंपरा को याद किया। बिहार के पहले मुख्यमंत्री श्री.ष्ण सिंह (1946 से 1961) भी भूमिहार थे। उनकी विरासत इतनी बड़ी थी कि वो आज भी इस समुदाय के चुनाव को प्रभावित करने की क्षमता की याद दिलाता है। उनके लंबे दौर में कई प्रभावशाली भूमिहार नेता उभरे जिनमें महेश प्रसाद सिंह, एलपी शाही, कैलाशपति मिश्र, डॉ. सीपी ठाकुर आदि। कैलाशपति मिश्र (गुजरात के पूर्व राज्यपाल) बिहार से आने वाले भाजपा के प्रभावशाली नेता थे। उसी तरह पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. सीपी ठाकुर थे जो कालाजार के स्पेशलिस्ट डॉक्टर थे। आज भाजपा में गिरीराज सिंह, मनोज सिन्हा (जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल) और विजय सिन्हा (बिहार के उपमुख्यमंत्री) प्रमुख भूमिहार चेहरे हैं।

बिहार में जब लालू प्रसाद और नीतीश कुमार जैसे ओबीसी नेताओं के उभरने के दौर (1990 से 2025) में भी भूमिहारों ने नौकरशाही, शिक्षा, मीडिया और कानून और चिकित्सा जैसे अन्य पेशेवर क्षेत्रों में अपना दबदबा बनाए रखा है। बिहार में बड़े बड़े ठेकेदार भूमिहार समुदाय से आते हैं। आक्रामकता में मामले में भूमिहारों को राजपूतों और यादवों के समान देखा जाता है। तो उद्यम करने के मामले वो बनिया समुदाय से प्रतिस्पर्धा करते दिखते हैं। यहां तक कि राजनीति में भी वो अपना प्रभुत्व रखते हैं– केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी तथा पंचायती राज मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह 2 नवंबर को पटना के रोड शो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ थे, भूमिहारों के बड़े नेता हैं। इसी तरह कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह भी हैं। ललन सिंह दशकों से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी मित्र भी हैं। जब 2005 में नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री बने, तब पटना में ताज नीतीश को, राज भूमिहार को बहुत लोकप्रिय कहावत थी। भूमिहारों की मौजूदगी पूरे बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश में है लेकिन अरवल, जहानाबाद (ओल्ड गया और ओल्ड शाहबाद इलाका); मोकामा और मुंगेर का इलाका; बेगुसराय और लखीसराय और बरैया का इलाका और मिथलांचल क्षेत्र में समस्तीपुर में ये बहुसंख्यक हैं। अक्सर भूमिहारों की शादी ब्राह्मणों के साथ होती है और इस तरह इन्हें दो–गमिया समुदाय कहा जाता है।

आज मोकामा की हिंसा रणवीर सेना के उस गूंज की याद दिलाता है जिसे यहां जंगलराज के दौरे के रूप में जाना जाता है। जब 1990 के दशक में भूमिहारों का राजनीतिक प्रभाव घटा तब कुछ भूमिहार 1994 में गठित निजी सशस्त्र संगठन रणवीर सेना की ओर आकर्षित हुए। इसने 90 के दशक के अंत में नक्सली संगठन लाल सेना के खिलाफ जहानाबाद, मकदूमपुर और औरंगाबाद में कुछ हिंसक हमले किए। तब रणवीर सेना ने लक्ष्मणपुर बाथे और कई अन्य नरसंहारों को अंजाम दिया। बाद में लाल सेना ने सेनारी में दर्जनों भूमिहारों का नरसंहार किया। आज के मोकामा की हिंसा तब के जंगल राज दौर में रणवीर सेना की गूंज की प्रतिध्वनि दिखती है। बिहार की राजनीति का मुख्य आधार लंबे समय से यहां की जाति व्यवस्था रही है। और भूमिहार समुदाय अहम चुनावी गठबंधनों के लिए एक जरूरत बन गए हैं। एनडीए ने भूमिहारों की लंबी चली आ रही निष्ठा पर भरोसा करते हुए 32 उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। वहीं, महागठबंधन ने भी 15 भूमिहार उम्मीदवार उतारे हैं (पारंपरिक रूप से एक ओबीसी पार्टी मानी जाने वाली आरजेडी के इनमें से छह उम्मीदवार हैं), जो ऐतिहासिक रूप उनसे दूर रहे सवर्ण वोटबैंक में सेंध लगाने की महागठबंधन की रणनीति मानी जा रही है। जहां हर दल भूमिहारों को अपनी ओर खींचना चाहता है वहीं यह मुकाबला केवल दलों के बीच तक सीमित नहीं रह गया है। खुद भूमिहार समुदाय के अंदर भी एक मुकाबला है। इससे भूमिहार के सामने भूमिहार की स्थिति भी उभरती है। मोकामा और बिक्रम जैसी जगहों पर एक भूमिहार कैंडिडेट के सामने दूसरा भूमिहार प्रत्याशी ही खड़ा है। इस अंदरुणी प्रतिस्पर्धा न केवल दांव को बढ़ाती है बल्कि वोटरों की निष्ठा को भी आकलन करने के लिए आमंत्रित करती हैं। मोकामा और बिक्रम के अलावा 2025 में कई सीटों पर भूमिहार प्रत्याशी ही आमने सामने हैं, इनमें केसुआ, बरबिघा, बेगुसराय, मतिहानी और लखीसराय शामिल हैं।

कांग्रेस ने बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा के खिलाफ अपने भूमिहार प्रत्याशी अमरेश अनीश को उतारा है। इस चुनाव में जिन सीटों पर भूमिहार प्रत्याशी आमने–सामने हैं, वो चर्चा में हैं। इसी तरह पटना की बिक्रम सीट पर भाजपा प्रत्याशी और वर्तमान विधायक सिद्धार्थ सौरव कांग्रेस के अनिल कुमार सामना कर रहे हैं, ये दोनों ही भूमिहार समुदाय से हैं। अब सवाल ये है कि क्या भाजपा के प्रति अपनी निष्ठा जताने वाला भूमिहार समुदाय क्या बदलती सामाजिक–आर्थिक परिस्थितियों में महागठबंधन की ओर रुख करेगा?

अंत में भूमिहार नामक पहेली खुद में बिहार के पूरे सार को ही समेटे हुए है– भले ही उनकी संख्या जो भी हो पर वो समृद्ध इतिहास की इस भूमि पर अपने विविध पहचान से बुने ताने–बाने के साथ वर्तमान राजनीतिक अखाड़े में अपने हर एक वोट के साथ बेहद अहम हैं। जैसे–जैसे राज्य 2025 के चुनाव के करीब पहुंच रहा है, सब की नजरें इस छोटे पर प्रभावशाली समुदाय पर टिकी हैं, जो बिहार की राजनीति की धुरी पर मौजूद है, और जिनके फैसले राज्य में उनकी मौजूदगी से अधिक गूंज सकते हैं।

## राहुल गांधी की ''हाइड्रोजन बम' की ये मिस्ट्री गर्ल है कौन?

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बिहार विधानसभा चुनावों के पहले चरण के मतदान से पूर्व नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा और भारत निर्वाचन आयोग पर फिर से गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने इसे "वोट चोरी" का मामला बताते हुए दावा किया कि भाजपा ने चुनावी प्रक्रिया को धोखाधड़ी से प्रभावित किया, जिसमें निर्वाचन आयोग की मिलीभगत थी। राहुल गांधी ने दावा किया कि हरियाणा में 25 लाख वोट चुराए गए, जिससे कांग्रेस की जीत को भाजपा की जीत में बदल दिया गया। तो वहीं दूसरी ओर बिहार और हरियाणा में वोटर लिस्ट में धांधली के कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों पर जेडीयू के वरिष्ठ नेता के की त्यागी नेएक बड़ा बयान दिया है। केसी त्यागी ने कहा कि चुनाव में हार का सिलसिला कांग्रेस पार्टी का लगातार बढ़ता जा रहा है उसको राहुल गांधी अपने सिर पर लेने को तैयार नहीं। राहुल गांधी अपनी पराजय बिहार इलेक्शन में स्वीकार नहीं करना चाहते हैं। हालांकि, जेडीयू ने आरोपों को सिरे से ख़ारिज कर दिया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता के सी त्यागी के मुताबिक कि राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं लेकिन उनमें गंभीरता का अभाव है। महाराष्ट्र, हरियाणा में चुनाव खत्म होने के बाद उन्होंने बेईमानी का आरोप लगाया। कांग्रेस रूलिंग राज्य में मैं 10 मामले बता सकता हूं जहां पर वोटर के नाम काटे गए हैं, लेकिन हम कभी आरोप नहीं लगते हैं। जेडीयू का आरोप है कि यूपीए के शासनकाल के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त जिस दिन रिटायर होते थे वो कांग्रेस पार्टी के सदस्य बन जाते थे। के सी त्यागी ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त पद से रिटायर होने के बाद राज्यसभा में सांसद और केंद्र सरकार में मंत्री बने थे। हालांकि के सी त्यागी ने कहा कि चुनाव आयोग को निष्पक्ष और पारदर्शी देखना चाहिए, और विपक्षी दलों की सभी शंकाओं को उसे दूर करना चाहिए।



जहां तक राहुल गांधी का सवाल है तो राहुल ने दावा किया है कि साल 2024 में हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान 25 लाख फर्जी वोट डाले गए। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा पर वह हाइड्रोजन बम भी गिरा दिया जिसके बारे में वह पिछले कुछ महीनों से बात करते आ रहे थे। राहुल ने इस दौरान एक महिला की फोटो दिखाई और कहा कि उस महिला ने नाम बदल–बदलकर कई बार वोट डाला. राहुल गांधी के इस दावे के साथ ही अब हर कोई यह जानना चाहता है कि आखिर यह महिला कौन है।

राहुल गांधी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक फोटोग्राफ दिखाया और साथ ही वोटर लिस्ट भी दिखाई। इसमें कई जगह पर उसी महिला की तस्वीर लगी हुई थी। हर जगह पर उसका नाम, पता और बाकी जानकारियां अलग–अलग दी हुई थीं। फोटोग्राफ दिखाते हुए राहुल गांधी ने पत्रकारों और वहां मौजूद बाकी लोगों से पूछा, यह महिला कौन है? इसका नाम क्या है और यह कहां से आई है?श इसके बाद कोई कुछ पूछता या कहता राहुल ने खुद ही जवाब दिया. उन्होंने कहा, इस महिला ने हरियाणा में 22 बार वोट डाला है और वह भी 10 अलग–अलग बूथ्स से और वह भी नाम बदल–बदल कर जैसे कभी सीमा कभी सरस्वती तो कभी रशमि। राहुल ने दावा किया कि यह महिला भारतीय नहीं बल्कि एक ब्राजीलियन मॉडल है। उन्होंने कहा कि यह एक स्टॉक फोटोग्राफ है और हरियाणा में वह इसी तरह के 25 लाख रिकॉड्र्स में शामिल है। जिस महिला की तस्वीर राहुल ने दिखाई वह असल में एक ब्राजीलियन मॉडल है। उसकी फोटोग्रास को एक प्रोफेशनल फोटोग्राफर मैथ्यूज फरेरो की तरफ से अपलोड किया गया था। न्देचर्सी.बवउ पर यह फोटो वुमन वियरिंग ब्लू डेनिम जैकेटश इस टाइटल से मौजूद है। दो मार्च 2017 को पहली फोटोग्राफ आई थी और तब से अब तक इसे 59 मिलियन बार देखा जा चुका है और 4 लाख से ज्यादा बार अनस्पलैश से डाउनलोड किया जा चुका है। इस वेबसाइट पर फोटोग्राफ पूरी तरह से फ्री पब्लिक यूज के लिए हैं। इस महिला की इस फोटो को कई बार ऑनलाइन ब्लॉग्स और ऑनलाइन पोस्ट्स के लिए प्रयोग किया जा चुका है।

# शारदा सहायक नहर में दिखा विशालकाय मगरमच्छ

## - दो घंटे की मशक्कत के बाद वन विभाग ने सुरक्षित पकड़ा



न्यूज वाणी ब्यूरो

बिसवॉ, सीतापुर। विकासखंड क्षेत्र की शारदा सहायक नहर में गुरुवार सुबह एक बार फिर मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। नहर के किनारे ग्रामीणों ने पानी में एक बड़े मगरमच्छ को चहलकदमी करते देखा, जिससे इलाके में अफरा—तफरी का माहौल बन गया। दहशत का माहौल और तत्काल सूचना नहर के पास सुबह खेतों की तरफ से लौट रहे ग्रामीणों ने सबसे पहले इस विशालकाय जीव को तैरते हुए देखा। पहले तो उन्हें यकीन नहीं हुआ, लेकिन जब मगरमच्छ किनारे की ओर बढ़ा, तो लोग डरकर पीछे हट गए। देखते ही देखते मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। कुछ जागरूक ग्रामीणों ने तत्काल मोबाइल से वीडियो बनाकर वन विभाग को इसकी सूचना दी। 2 घंटे का सफल रेस्क्यू ऑपरेशन सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने जाल और रस्सों की मदद से मगरमच्छ को पकड़ने का काम शुरू किया। टीम ने करीब दो घंटे की कड़ी मेहनत और मशक्कत के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित रूप से काबू में कर लिया। सुरक्षित रिहाई और विभाग की अपील वन क्षेत्राधिकारी अहमद सिद्दीकी ने बताया कि नहर में बढ़े जल स्तर के कारण मगरमच्छ अक्सर पानी के बहाव के साथ आबादी वाले इलाकों में पहुंच जाते हैं। सफल रेस्क्यू के बाद, वन विभाग ने मगरमच्छ को सुरक्षित पिंजरे में रखा और बाद में उसे शारदा नदी के सहलारी घाट क्षेत्र में छोड़ दिया गया। इस घटना के बाद आसपास के गांवों में यह चर्चा का विषय बना हुआ है। मगरमच्छ को बिना किसी नुकसान के सुरक्षित पकड़े जाने पर लोगों ने राहत की सांस ली है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि ऐसे किसी जीव को देखने पर घबराएं नहीं, बल्कि तुरंत विभाग को सूचना दें, ताकि समय रहते रेस्क्यू किया जा सके। विभाग ने नहर क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो।

# भूमि में जबरन कब्जे को लेकर डीएम से मिले कांग्रेसी

## - जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर नासिरपुर गांव की गाटा संख्या 77 पर भूमाफियाओं द्वारा रात्रि पहर में जबरन कब्जा करने की शिकायत की।शिकायती प्रार्थना पत्र में भुक्तभोगी कांग्रेस नेता राजेंद्र लोधी ने बताया कि जमीन उनके द्वारा अप्रैल 2012 में भगवानदास पुत्र बलदेव, रामराज, अवधेश पुत्रगण धुरिया से क्रय की गई थी। श्याम लाल, श्याम बाबू पुत्र गण सहदेव से दिसंबर 2012 में खाता संख्या 77 का संपूर्ण भाग 0.100 हेक्टेयर भूमि अपनी पत्नी सुनीता देवी के नाम खरीदा था। खाता संख्या 77 के सह खातेदार जगदीश पुत्र छिद्दू से उनके रिश्तेदार राम प्रसाद पुत्र सैकू ने जमीन खरीद कर अपना कब्जा दाखिल कर लिया। अब उक्त पूरे भाग पर मनीष पटेल पुत्र अरविंद कुमार निवाशी शिव पुर थाना मलवा द्वारा 25 अक्टूबर की रात्रि लगभग 2.30 बजे बाउंड्रीवाल बनाकर कर कब्जा कर लिया। भुक्त भोगी को प्रातः छह बजे पड़ोसियों द्वारा पता चलने पर वहां जाकर देखने के उपरांत विरोध करने पर मनीष पटेल एवं आशीष पटेल पुत्र गण अरविंद कुमार व अन्य साथियों के साथ मारने का प्रयास किया गया परन्तु पड़ोसियों के हस्तक्षेप से जान बच सकी। घटना की शिकायत थाना कोतवाली सदर में करने के उपरांत आज तक कोई कारवाही नहीं हुई। कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल में मौजूद जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी, शहर अध्यक्ष मो. आरिफ गुड्डा, कलीम उल्ला सिद्दीकी, ई. देवी प्रकाश दुबे, मणि प्रकाश दुबे, आशीष गौड़, ओम प्रकाश कोरी, आदित्य श्रीवास्तव, सैयद सहाब अली, आरिफ अली, इंद्रजीत लोधी ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर घटना में सत्यता की जांच कर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की।

# आईसीआईसीआई बैंक पर डीएम की सख्त कार्रवाई

## - नगर निकायों के खाते अन्य बैंक में स्थानांतरित करने के निर्देश

## - कारण बताओ नोटिस के बाद नहीं सुधरा बैंक, अब सीधी कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने गुरुवार को आईसीआईसीआई बैंक पर प्रशासनिक बिजली गिरा दी। सीएम युवा उद्यमी योजना में लक्ष्य के सापेक्ष सुस्ती और घोर लापरवाही दिखाना बैंक को बेहद महंगा पड़ गया। डीएम ने कड़े तेवर अपनाते हुए साफ आदेश दिया कि नगर निकायों के सभी खाते तत्काल प्रभाव से अन्य बैंक में स्थानांतरित किए जाएं! जानकारी के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2024–25 के अंतर्गत बुनियादी एवं निर्दिष्ट अनुदान की प्रथम और द्वितीय किश्तों में घ32.63 करोड़, जबकि वर्ष 2023–24 में घ10. 32 करोड़ की राशि नगर निकायों के खातों में जमा है। यानी कुल घ42 करोड़ से अधिक की धनराशि अब डीएम के निर्देश पर आईसीआईसीआई बैंक से बाहर जाएगी। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को "फौरन कार्रवाई और त्वरित अनुपालन रिपोर्ट" प्रस्तुत करने के सख्त निर्देश दिए हैं। गौरतलब हो कि अभियान के तहत आईसीआईसीआई बैंक को 43 लाभार्थियों को वित्तीय सुविधा देने का लक्ष्य मिला था, लेकिन अब तक एक भी प्रगति नहीं हुई। कई बैठकों में शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया, फिर भी बैंक की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। समीक्षा में जब मामला डीएम के संज्ञान में आया, तो उन्होंने सीधा एक्शन मोड अपनाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी की। संतोषजनक उत्तर न मिलने पर डीएम ने अन्य बैंक में खाता स्थानांतरित करने का फरमान जारी किया है। साथ ही, एचडीएफसी बैंक और ऐक्सिस बैंक को भी सीएम युवा उद्यमी योजना के क्रियान्वयन में लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित शून्य प्रगति न होने पर नोटिस जारी की जा रही है। डीएम ने दोनों बैंकों के कार्यप्रदर्शन पर निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। डीएम के इस आदेश के बाद बैंकिंग सेक्टर और प्रशासनिक हलकों में हलचल मच गई है। माना जा रहा है कि यह कदम सिर्फ आईसीआईसीआई बैंक के लिए नहीं, बल्कि सभी बैंकों और विभागों के लिए सख्त चेतावनी है कि काम में सुस्ती दिखाई, तो परिणाम भुगतने को तैयार रहो।

# मांगों को लेकर विहिप व बजरंग दल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसैनगंज नई बाजार में शिव मंदिर के समीप बने शौचालय को हटवाए जाने समेत बावनी इमली में लव जिहाद बढ़ने का आरोप लगाते हुए विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारियां ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। बजरंग दल के जिला संयोजक राहुल अग्निहोत्री की अगुवई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर बताया कि हुसैनगंज नई बाजार स्थित शिव मंदिर से सटी तीन शौचालय बनी है। जिसका निर्माण समाजवादी पार्टी के शासनकाल में हुआ था। उस समय स्थानीय लोगों की आपत्तियों के बावजूद भी यह निर्माण कार्य कराया गया था। वर्तमान में यह शौचालय मंदिर की मर्यादा, स्वच्छता व श्रद्धालुओं की भावना को आहत कर रहे हैं। मंदिर एक पवित्र स्थल है जहां प्रतिदिन अनेक श्रद्धालु पूजा—पाठ करने आते हैं। मंदिर के बिल्कुल पास इस प्रकार का निर्माण धार्मिक मर्यादा का उल्लंघन हैं और क्षेत्र के लोगों में असंतोष का कारण बन रहा है। यह भी बताया कि खजुहा स्थित बावनी इमली लव जिहाद का केन्द्र बना हुआ है। वहां प्रशासन लगाकर बिना जांच के प्रवेश पर रोक लगाई जाए, संपूर्ण नगर में अस्थाई यप से जो अतिक्रमण किया गया है उसके कारण प्रतिदिन कई घटनाएं सामने आती हैं। इस पर तत्काल कार्रवाई की जाए। इस मौके पर संतोष विनय, मोनू सोनी भी मौजूद रहे।

# राज्य महिला आयोग सदस्य ने की जनसुनवाई, दिए निर्देश




न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी ने महिलाओं से जुड़ी शिकायतों की जनसुनवाई की। उन्होंने उपस्थित पीड़ित महिलाओं की बात गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित और निष्पक्ष कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान 39 प्रकरण दर्ज हुए, जिसमें घरेलू हिंसा जमीनी विवाद, छेड़छाड़ के प्रकरण शामिल हैं। मामलों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये कि प्रकरणों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण जल्द से जल्द करके कार्यवाही की जाए। सदस्य, राज्य महिला आयोग सुजीता कुमारी ने कहा कि मिशन शक्ति के अंतर्गत शासन प्रशासन नारी सम्मान तथा सशक्तिकरण के लिये प्रतिबद्ध है। आयोग का उद्देश्य है कि हर महिला को त्वरित न्याय मिल सके। जनसुनवाई कार्यक्रम में थानाध्यक्ष महिला थाना शिल्पी शुक्ला, डिप्टी सीएमओ डॉ प्रमोद रावत, सीडीपीओ कीर्ति सचान, असिस्टेंट प्रोफेसर महिला अस्पताल डॉ श्रीमती तनीषा गुप्ता, जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी बृजराज सिंह उपस्थित रहे। फूलबेहड़ में नारी चौपाल, योजनाओं की दी जानकारी सदस्य राज्य महिला आयोग सुजीता कुमारी ने ब्लॉक फूलबेहड़ में आयोजित नारी चौपाल में सहभागिता की गई, जहां ब्लॉक द्वारा संचालित आवास योजना, सीएम कन्या सुमंगला योजना, सीएम बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना वन स्टॉप सेंटर 1098 के बारे में जानकारी दी गई। सीडीपीओ ने संचालित पोषण योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। नारी चौपाल में बीडीओ फूलबेहड़ सुमित कुमार सिंह, कोऑर्डिनेटर पीएम कौशल विकास योजना रोहित त्रिपाठी, बाल विकास परियोजना अधिकारी आदि शामिल रहे।

# न्यूज वाणी संवाददाता को उत्कृष्ट पत्रकारिता कवरेज के लिए किया सम्मानित



न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। खीरी टाउन में आयोजित खीरी स्टेट फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले के बाद न्यूज वाणी संवाददाता पत्रकार चाँद मियाँ को उत्:ष्ट पत्रकारिता कवरेज के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान इलेवन स्टार क्लब, खीरी टाउन (उत्तर प्रदेश) की ओर से प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद जनाब जफर अली नकवी, मौजूदा सांसद उत्कर्ष वर्मा तथा खीरी नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष फहीम अहमद ने पत्रकार चाँद मियाँ को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आयोजकों ने कहा कि खेल भावना और पत्रकारिता दोनों ही समाज को जोड़ने और सकारात्मक दिशा देने का कार्य करते हैं। टूर्नामेंट में मीडिया के योगदान की सराहना करते हुए कई अन्य पत्रकारों को भी उनके उत्:ष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

# आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

## - संतोष कुमार राव को संघ का बनाया जिला मीडिया प्रभारी



न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। उत्तर प्रदेश राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की बैठक बेहटा ब्लॉक के सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार वर्मा द्वारा की गई। बैठक के मुख्य अतिथि संस्थापक अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष रमेश प्रकाश राव, लखनऊ जिला अध्यक्ष प्यारे लाल श्रीवास्तव व विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार वर्मा, महासचिव कन्हैया लाल सुमन का आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सहायिकाओ ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सहायिकाओ कर्मचारियों के मानदेय में वृद्धि नहीं की जा रही है, सरकार के कर्मचारियों के बराबर उनसे काम लिया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन दिया जाए, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्वयं सहायता समूह से पोषाहार न देकर, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया जाए, आंगनबाड़ी कर्मचारीयों को शासकीय कर्मचारी का दर्जा दिया जाए, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मुख्य सेविका के पदों पर पदोन्नति में आयु सीमा का प्रतिबंध समाप्त किया जाए। बैठक के दौरान संस्थापक अध्यक्ष ने आंगनबड़ी संघ का जिला मीडिया प्रभारी सन्तोष कुमार राव को बनाया गया। साथ साथ नई ब्लॉक कमेटी का भी गठन किया गया, जिसमे ब्लॉक अध्यक्ष पूनम शर्मा, ब्लॉक उपाध्यक्ष अध्यक्ष फुद्दीस कुमारी, ब्लॉक महामंत्री डॉ मनोज चौहान, ब्लाक महासचिव सुनील कुमारी मौर्या, उपाध्यक्ष पूर्वी ज्ञान स्वरूप वर्मा, ब्लॉक उपाध्यक्ष ज्योति पांडेय, ब्लॉक कोषाध्यक्ष वैशाली पांडेय, ब्लॉक संगठन मंत्री शशि अवस्थी, ब्लॉक सचिव चम्पा वर्मा की नियुक्ति पर आंगनबड़ी संघ के कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया।

# नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कालेज के वार्षिकोत्सव पर हुआ कार्यक्रम



न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। नर्स मां का रूप होती है और वह अपने पेशेंट का ख्याल और उसकी देखभाल एक मां की तरह ही करती है उक्त विचार आइकॉन कॉलेज आफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद वरिष्ठ आई पी एस अफसर आई जी उत्तर प्रदेश लोकशिकायत रवि शंकर छवि ने छात्र एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किया उन्होंने बताया मैं बिहार के छोटे से गांव सासाराम से निकलकर आज यहां तक पहुंचा हूं दुनिया में कोई भी कार्य मुश्किल नहीं है बस .ढ़ निश्चय लगन और इच्छा शक्ति होनी चाहिए कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद ला मार्टनियर कॉलेज लखनऊ के प्रिंसिपल गैरी डोमिनिक एवरिट ने बताया आज नर्सिंग कॉलेज द्वारा आयोजित कार्यक्रम मेरे लिए एक उत्सव जैसा है क्योंकि मेरी अपनी मां भी एक नर्स थी मैं सभी बच्चों से कहना चाहता हूं कि अपना काम पूरी मेहनत लगन और ईमानदारी के साथ करें कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रीजेंसी स्कूल एंड कॉलेजेज के फाउंडर चेयरमैन एम एफ जैदी ने बताया गांव और ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं पलायन न कर सकें इसके लिए इतने अच्छे—अच्छे इंस्टीट्यूशन और कॉलेज की ग्रामीण स्तर पर स्थापना यह आप सब का सौभाग्य है भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य वीरेंद्रपुरी ने बताया सरकार की मनसा है की अंतिम पंक्ति में खड़ा व्यक्ति भी समाज की मुख्य धारा से जुड़ सके और विकास कर सके कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी व शाकेबा खान ने किया आए हुए अतिथियों का बुके देकर स्वागत केपी सिंह इंस्टीट्यूट आफ कॉलेजज के चेयरमैन डॉ एसपी सिंह ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुधाकर मिश्रा हंस राज मोहम्मद खालिद शामीन अब्बास बीलू शुक्ला समीर पुरी समेत सम्मानित नागरिक तथा छात्रों छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम में नर्सिंग कोर्स में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रों को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

# न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न




न्यूज वाणी ब्यूरो

खीरी टाउन, खीरी। नकहा ब्लॉक की न्याय पंचायत पनगी कलाँ की खेल कूद प्रतियोगिता उच्च प्राथमिक विद्यालय पनगी कलाँ में सम्पन्न हो गई। इस प्रतियोगिता में न्याय पंचायत के स्कूलों के बच्चों ने हिस्सा लिया। न्याय पंचायत के गेम टीचर हितेन्द्र कुमार ने बताया कि उच्च प्राथमिक स्तर पर 100, 200, 400, 600 मीटर की दौड़ में बालक वर्ग में मोहम्मद शाद, जुबेर, सोनू, भूपेंद्र, तौकीर आलम, अनुपम, रिंकज, अमन, साहिल, अमित, तुषार, सुजीत और रामजी ने प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल किया। बालिका वर्ग में निहा, काजल, निहा, सौम्या, पल्लवी, सोनम, अलकिशा, नाजरीन, सिमरन और दीपा ने जीत हासिल की। उच्च प्राथमिक विद्यालय धोबहा, रंगीला नगर और पनगी कलाँ के बच्चे प्रतियोगिता में शामिल हुए। लंबी कूद में उच्च प्राथमिक विद्यालय धोबहा के मोहम्मद शाद जबकि बालिका वर्ग में नीहा ने बाजी मारी। ऊंची कूद में उच्च प्राथमिक विद्यालय पनगी कलाँ के रिंकज जबकि बालिका वर्ग में पनगी कलाँ की निहा अलकिशा और ने पहला स्थान हासिल किया। गोला फेंक में उच्च प्राथमिक पनगी कलाँ के साहिल जबकि चक्र फेंक में इसी स्कूल के रिंकज और नाजरीन ने प्रथम स्थान हासिल किया। कबड्डी, खोखो और कुश्ती में उच्च प्राथमिक पनगी कलाँ की टीमें विजयी रहीं। जबकि रंगीला नगर की टीम उप विजेता रहीं। इस खेलकूद प्रतियोगिता में खेल अनुदेशक हितेंद्र कुमार, शैलेश यादव, ऋतुराज सिंह, कन्हैयालाल, सालिक राम, रामशरण, आशुतोष निर्णायक के तौर पर मौजूद रहे। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी बच्चों को पुरस्:त किया गया। इस मौके पर न्याय पंचायत के टीचर शौकत अली, किस्मत अली, बृज किशोर गौतम, बृजेंद्र वर्मा, कीर्ति, अर्शी खान, अनीता, दीपिका, शकुंतला देवी, अमिता, स्वाती आदि मौजूद रहीं।

# ओवरलोड ट्रैक्टर की चपेट में आकर युवक की मौत



न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। लहरपुर क्षेत्र में बीती रात 9 बजे ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना की खबर मिलते ही हजारों की तादात में लोग मौके पर एकत्रित हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हादसे के बारे में मौके पर मौजूद लोगों से जानकारी हासिल की। हादसा उस समय हुआ जब कोतवाली क्षेत्र मोहल्ला काजी टोला निवासी अशोक कपूर के पुत्र आशीष कपूर उर्फ सोनू निवासी काजी टोला अपनी बाइक से गेट से घर जा रहे थे तभी ओवरलोड व ओवर हाइट लकड़ी से लदी ट्राली ने उनको अपनी चपेट में ले लिया जिसके बाद आशीष ट्रैक्टर में फंस कर करीब 100 मीटर खिंचते चले गए। ट्रैक्टर के पहिया उन पर चढ़ जाने से उनका शरीर क्षत विक्षत हो गया। जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही आसपास के लोग व परिजन मौके पर पहुंच गए। आशीष की मौत की सूचना सुनते ही उनके परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाते ही इलाका पुलिस भी मौके पर पहुंची और हादसे के बारे में जानकारी हासिल की। फिलहाल पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

# देव दीपावली पर मवई बुजुर्ग के तालाब पर हुआ दीपोत्सव



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। मीडिया प्रभारी मितेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि देव दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर गंगा समग्र कानपुर प्रांत एवं विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में मवई बुजुर्ग के तालाब में भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष/जिला संयोजक महेश कुमार प्रजापति ने बताया कि गंगा समग्र कानपुर प्रांत कार्यकारिणी सदस्यों व जिला संयोजक के नेतृत्व में अपनी ग्राम सभा तक संगठन का विस्तार किया गया है जिसमें कई लोग शामिल है। कार्यक्रम के दौरान काफी संख्या में ग्राम पंचायत मवई के लोग भारी संख्या में शामिल रहे। इस मौके पर तालाब के घाट को सैकड़ों दीपों से सुसज्जित किया गया और पटाखे छुटाकर इस देव दीपावली के पावन पर्व को मनाया गया। जिला संयोजक महेश कुमार प्रजापति ने बताया कि गंगा समग्र के द्वारा लगातार तालाब बचाने का अभियान चलाया जा रहा है और आगे बताया कि जो भी तालाब में अतिक्रमण लोगों द्वारा किया गया है बहुत जल्द अभियान चलाकर उनके खिलाफ कार्रवाई करवाई जाएगी इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों के साथ अन्य ग्रामीण लोग मौजूद रहे साथ ही देव दीपावली पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से गंगा समग्र प्रांतीय सदस्य मातृशक्ति श्रीमती संतोष मिश्रा रमेश प्रजापति अंगद प्रजापति जिला सह प्रभारी आलोक कुमार निगम जिला महामंत्री राकेश कुमार त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष .ष्ण चंद्र प्रजापति जिला उपाध्यक्ष महेश कुमार धुरिया मयंक तिवारी और सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे सहित तमाम लोग मौजूद रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी मितेश कुमार द्वारा बताई गई।

# कांग्रेस प्रदेश सदस्य व जिलाध्यक्ष ने माता चंद्रिका देवी में टेका माथा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। कार्तिक पूर्णिमा पर्व के अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य आदिशक्ति दीक्षित एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित द्वारा संयुक्त रूप से देश में राष्ट्रीय एकता सांप्रदायिक सौहार्द एवं आपसी भाईचारा व कांग्रेस पार्टी के चतुर्मुखी उत्थान के लिए जनपद उन्नाव बक्सर में पहुंचकर पवित्र नदी गंगा में स्नान कर माता चंद्रिका देवी के मंदिर में पहुंचकर विधिवत पूजा अर्चना कर देश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई। जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि वर्तमान समय में फिरका परास्त ताकते देश को अखंडित करने का कुचक्र रच रही है जिससे लोकतंत्र एवं संविधान में खतरा मंडरा रहा है। प्रत्येक देशवासियों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश सहित अनेक राज्यों में एसआईआर चुनाव आयोग की मदद से विपक्षी पार्टियों के मतदाताओं के भारी पैमाने पर वोट काटने का कुचक्र रचा जा रहा है। प्रत्येक मतदाता को इससे सावधान रहने की आवश्यकता है। कांग्रेस पार्टी का एक—एक कार्यकर्ता प्रत्येक बूथों पर अपनी पैनी निगाहें रखेगा। अगर किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी वोटर लिस्ट बनाने में की जा रही है तो तत्काल कांग्रेस कार्यालय कार्यालय मंत्री को अवगत कराएंगे।

# एसएसबी व पुलिस टीम ने स्मैक के साथ पकड़ा नेपाली तस्कर

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। भारत–नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को सु.ढ़ करने और मादक पदार्थों की तस्करी पर कड़ी निगरानी रखने के उद्देश्य से एसएसबी के कमांडेंट कैलाश चंद रमोला के नेतृत्व में एक संयुक्त अभियान चलाया गया। अभियान में बी समवाय बलाईगांव के पार्टी कमांडर सुभास चंदर निरीक्षक उनके टीम और स्थानीय पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में भारत–नेपाल सीमा के बॉर्डर पिलर संख्या 665 के पास 12 ग्राम स्मैक के साथ एक नेपाली तस्कर को गिरतार किया गया। गिरतार तस्कर की पहचान नेपाल निवासी 29 वर्षीय बल बहदुर सरकी पिता चौरी सरकी गाँव–मैनापोखर नेपाल के रूप में हुई है। जो नेपाल से भारत में तस्करी करने का प्रयास कर रहा था। अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धारा के तहत कार्रवाई की गई और जब्त मादक पदार्थ को थाना मोतीपुर को सुपुर्द कर दिया। एसएसबी व स्थानीय पुलिस की यह संयुक्त कार्रवाई यह दर्शाती है कि सुरक्षा एजेंसियां सीमा सुरक्षा को लेकर कितनी गंभीरता से काम कर रही हैं। यह अभियान यह भी साबित करता है कि भारत–नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सतर्कता बढ़ाई जा रही है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से इकलौते बेटे की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो



अटरिया, सीतापुर। अटरिया थाना क्षेत्र के जयपालपुर गांव में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक दीपक सिंह परमार (निवासी जयपालपुर) की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, दीपक सिंह परमार टेढ़ेश्वर मंदिर के पास से सड़क पार कर अपने घर जयपालपुर लौट रहे थे। इसी दौरान, एक तेज रतार अज्ञात वाहन ने उन्हें बुरी तरह टक्कर मार दी, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़ बताया जा रहा है कि मृतक दीपक सिंह परमार अपने परिवार के इकलौते बेटे थे। उनकी इस आकस्मिक मृत्यु से परिवार और पूरे जयपालपुर ग्राम पंचायत में शोक की लहर दौड़ गई है। परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने किया पंचनामा घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार किया और आवश्यक कार्यवाही के बाद पार्थिव शरीर को परिजनों को सौंप दिया। पुलिस अब अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश में जुट गई है।

# विक्टोरिया मेमोरियल हाल में निर्माणाधीन लाइब्रेरी का डीएम ने किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। लगभग सन 1885 में अंग्रेज शासक रानी विक्टोरिया के जमाने में बनाए गए विक्टोरिया मेमोरियल हाल जो जनपद की पुरातत्व पौराणिक धरोहर का जीरो धार कराकर उसमें शहर के छात्र–छात्राओं के लिए लाइब्रेरी तैयार किए जाने का सदर विधायक सरिता भदोरिया ने बीड़ा उठाया जिनके अथक प्रयास से आज उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा विगत कई महीनो से जिसका सुंदरीकरण सहित तमाम कर निरंतर चल रहे हैं। जिसका निरीक्षण आज जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ला सदर विधायक सरिता भदौरिया ने किया। इस अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ला ने कहा कि यह इमारत पुरातन काल से इटावा में स्थापित है जिसका सदुपयोग इससे अच्छा नहीं हो सकता यह स्वागत योग्य कार्य है। उन्होंने इस कर में लगी कंपनी के लोगों से कहा कि इसका जो भी रंग रोगन करना है उसको पुरातन धरोहर के हिसाब से ही करना है और इस हिसाब से करना है कि समय आने पर इसका मेंटेनेंस किया जाए तो ज्यादा खर्च की आवश्यकता न रहे। आज तो हम सब लोग इसमें लॉक करके उसका बहुत अच्छा उपयोग कर रहे हैं लेकिन इसकी चिंता भी की जाएगी यह निरंतर चलता रहे उन्होंने आगे कहा कि यह हाल बहुत देसी उपयोग किया जाए इसमें जो है संगीत की शिक्षा के साथ–साथ इटावा के कवियों का काव्य संग्रह भी रखा जाए। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि युवा पीढ़ी बेहतर शिक्षा हासिल करें इसका सदैव प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में यहां इस लाइब्रेरी की स्थापना की जा रही है इससे हमारी पौराणिक धरोहर विक्टोरिया मेमोरियल हॉल संरक्षित रहेगी और हमारे छात्र–छात्राओं को बेहतर शिक्षा हासिल करने के लिए अच्छी पुस्तक भी उपलब्ध हो सकेंगे कि वह के समस्त कवियों से यहां पर अपने–अपने काव्य की 100 पुस्तक दिन उन पुस्तकों को अटल काव्य संग्रह के नाम से यहां स्थापित कर आम जनमानस के लिए उपलब्ध कराया जाएगा इसके लिए वह निरंतर प्रयासरत है इस अवसर पर पर्यटन विभाग के पवन कुमार भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजू चौधरी किसान मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री विकास भदोरिया मत्स्य प्रकोष्ठ जिला संयोजक ओम रतन कश्यप किसान मोर्चा के जिला मंत्री अशोक चौहान टीटू चंदन पोरवाल प्रेस क्लब के अध्यक्ष दिनेश शाक्य आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# हिन्दू हास्टल ग्राउंड में होगा आठ कुण्डीय मृत्युंजय माँ पीताम्बरा महायज्ञ



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। हिन्दू हॉस्टल ग्राउंड रामलीला रोड पर 7 नवम्बर से 19 नवम्बर तक 1108 कुण्डीय मृत्युञ्जय माँ पीताम्बरा महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसका मुख्य संयोजन पूज्य स्वामी रामदास जी महाराज के निर्देशन में हो रहा है। आयोजन समिति के अनुसार यह महायज्ञ राष्ट्र के आध्यात्मिक उत्थान, पर्यावरण संतुलन, समाज में एकता और सद्भाव तथा भारतीय संस:ति के पुनः जागरण का प्रतीक होगा। प्रत्येक परिवार से पति–पत्नी संयुक्त रूप से आहुति देंगे, जिससे गृहस्थ जीवन में शांति, समृद्धि और सौहार्द की भावना उत्पन्न होगी।

पूज्य स्वामी रामदास जी महाराज ने कहा कि यज्ञ केवल अग्नि में आहुति देना नहीं बल्कि आत्मा को शुद्ध करने का माध्यम है। जब व्यक्ति अपना श्रम,समय और श्रद्धा इस कार्य में अर्पित करता है तब देवता स्वयं उत्तरकर यज्ञ को पूर्ण करते हैं। इस महायज्ञ में माँ पीताम्बरा मुख्य देवी स्वरूप में विराजमान रहेंगी। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में 1108 कुण्डीय यज्ञ, उपनयन संस्कार, प्रायश्चित कर्म, नांदीमुख श्राद्ध और मातृशक्ति कलश यात्रा शामिल हैं। महायज्ञ हिन्दू हॉस्टल ग्राउंड रामलीला रोड में 7 नवम्बर से 19 नवम्बर तक चलेगा। आयोजन समिति ने इटावा वासियों एवं देशभर के श्रद्धालुओं से इस दिव्य आयोजन में सम्मिलित होकर राष्ट्र कल्याण की इस महान आहुति में भाग लेने की अपील की है। इस अवसर पर पंकज तिवारी, जनमेजय सिंह, जितेन्द्र दुबे, मयंक बिधौलिया, नमिता तिवारी व सभासद पूनम पांडेय सहित कई साधु संत मौजूद रहे।

# कड़ी मेहनत व लगन से सपनों को साकार करें बेटियां : डा. बबीता

## - जीजीआईसी में आयोजित शक्ति संवाद कार्यक्रम में किया प्रतिभाग
## - वृद्धआश्रम का किया भ्रमण, वृद्धजनों को वितरण किया फल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। उ.प्र. राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने जनपद भ्रमण के दौरान राजकीय बालिका इण्टर कालेज में आयोजित शक्ति संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। डॉ चौहान ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नारी सम्मान, सुरक्षा व स्वावलम्बन शीर्ष प्राथमिकता है। उन्हीं की प्रेरणा से प्रदेश में मिशन शक्ति 5.0 अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंनें कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा नारी सशक्तिकरण के लिए अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही है। डॉ चौहान ने कहा कि बेटियां आज सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही है चाहे आपरेशन सिन्दूर हो या महिला वर्ल्ड कप में अपना सर्वक्षेष्ठ प्रदर्शन कर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रही है। आज बेटियों को सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है जिससे वे अपने सपने को साकार कर रही है। उन्होंनें छात्राओं का आहवान किया कि आगे बढ़े और अपना लक्ष्य निर्धारण कर कड़ी परिश्रम और लगन से अपना मनचाहा मुकाम हासिल करें। उन्होंनें छात्राओं से कहा कि आप अपने माता–पिता का धन्यवाद ज्ञापित करें जिन्होंनें आपकी शिक्षा, दीक्षा को आगे बढ़ाने के लिए आपको अवसर प्रदान किया। उन्होंनें प्रधानाचार्या को निर्देश दिया कि सीएमओ से समन्वय कर विद्यालय में शिक्षारत छात्राओं को सीएसआर के तहत सरवाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण कराये। संवाद कार्यक्रम में कक्षा 12 की छात्रा स्वाति पाण्डेय ने नारी सशक्तिकरण पर अपने विचार प्रस्तुत किये। इससे पूर्व मा. अध्यक्ष डॉ चौहान ने अमीनपुर नगरौर में संचालित वृद्धाआश्रम पहुंचकर संवासित वृद्धजनों का कुशल क्षेम जाना और वृद्धजनों के लिए वृद्धाआश्रम की गयी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होनें वृद्धजनों को फल का वितरण कर आर्शीवाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर पूजा चौधरी, महिला थानाध्यक्ष विनीता रावत, प्रधानाचार्या मधु यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, शिक्षकाएं, छात्राएं व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# कार्तिक पूर्णिमा स्नान मेले में बड़ा खेला




न्यूज वाणी ब्यूरो

नवाबगज, बहराइच। थाना नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जानकी गांव (होलिया) में आयोजित कार्तिक पूर्णिमा स्नान मेले में इस वर्ष सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। मेले में लगाए गए बड़े झूले और नावें सुरक्षा मानकों को पूरी तरह दरकिनार करते हुए संचालित की जा रही हैं, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं, मेले में जादू शो और डांस पार्टी जैसी गतिविधियाँ भी बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के खुलेआम चल रही हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि मेला समिति की ओर से मनोरंजन के नाम पर अनेक आयोजन कराए जा रहे हैं, लेकिन उनमें सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। एक ग्रामीण ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि झूला और नाव दोनों ही बिना किसी सुरक्षा बेल्ट व बैरिकेडिंग के चल रहे हैं, प्रशासन को जानकारी होने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। भीड़भाड़ वाले इस मेले में रोजाना सैकड़ों श्रद्धालु कार्तिक स्नान के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे किसी भी अप्रिय घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। एक अन्य ग्रामीण ने कहा कि प्रशासन को तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच करनी चाहिए, क्योंकि किसी हादसे के बाद कार्रवाई करने का कोई औचित्य नहीं रहेगा। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि बिना अनुमति चल रहे आयोजनों पर तत्काल रोक लगाई जाए और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

# पुलिस लाइन के अधिकारियों व कर्मचारियों ने किया रक्तदान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में पुलिस लाइन में नियुक्त अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर संयुक्त जिला चिकित्सालय पुलिस लाइन अस्पताल परिसर के रक्त केन्द्र पर जाकर रक्तदान किया गया। साथ ही सभी को रक्तदान करने का महत्व समझाया गया और कहा गया कि रक्तदान महादान है, यह न केवल जीवन बचाने का कार्य है बल्कि यह मानवता की सबसे बड़ी सेवा भी है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए ताकि आपात स्थिति में किसी भी जरूरतमंद को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। साथ ही पुलिस लाइन में आवासीय परिवार द्वारा भी रक्तदान कर आम जनमानस को भी ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने के लिये प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय रक्त केन्द्र की चिकित्सक टीम एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# गैर-इरादतन हत्या के अभियुक्त को 10 वर्ष कारावास की सजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में वर्ष–2022 में थाना नरैनी क्षेत्रान्तर्गत सगे भाई की गैर–इरादतन हत्या के मामले में आरोपी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास व जुर्माने से दण्डित कराया गया। गौरतलब हो कि 10 सितंबर 2022 की रात्रि को जनपद के नरैनी क्षेत्र के सहबाजपुर के रहने वाले बच्चू पुत्र जागेश्वर ने शराब के नशे में अपने सगे भाई कल्लू पुत्र जागेश्वर के सिर पर लकड़ी के चैले से मार दिया जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।विवेचना के क्रम में विवेचक द्वारा प्रभावी विवेचना करते हुए आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया था। लोक अभियोजक श्रवण कुमार तिवारी द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई साथ ही कोर्ट मोहर्रिर आरक्षी देवेन्द्र सिंह तथा पैरोकार आरक्षी प्रवीण कुमार के अथक प्रयासों से आरोपी भाई को एडीजे–1 न्यायालय द्वारा 10 वर्ष के सश्रम कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से अभियुक्त बच्चू पुत्र जागेश्वर निवासी सहबाजपुर थाना नरैनी को दंडित कराया गया।

# मरम्मत कार्य के कारण बाधित रहेगी विद्युत उपकेन्द्र नानपारा की आपूर्ति

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड नानपारा ने बताया कि 132/33 केवी विद्युत उपकेन्द्र, नानपारा से पोषित समस्त सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि आरडीएसएस योजनान्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र, सहाबा (बाबागंज) की 33 केवी विद्युत लाइन के लम्बे स्पैन में इन्टरपोलिंग व सु.ढ़ीकरण का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। जिसके कारण विद्युत उपकेन्द्र सहाबा (बाबागंज) से पोषित फीडरों की विद्युत आपूर्ति 07 नवम्बर से 15 नवम्बर तक प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक पूर्णरूपेण से बाधित रहेगी।

# राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस 7 नवम्बर पर रोकथाम, शीघ्र पहचान और जन-जागरूकता पर रहेगा जोर



आजमगढ़ , जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एन. आर. वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस, जो कल 7 नवम्बर को मनाया जाएगा, के अवसर पर जनपद में जन–जागरूकता गतिविधियाँ और स्क्रीनिंग व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने कहा कि कैंसर की रोकथाम, प्रारंभिक पहचान और शीघ्र उपचार ही इस गंभीर बीमारी से बचाव के सबसे प्रभावी उपाय हैं। सीएमओ ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से जनपद स्तर पर कैंसर रोगियों की स्क्रीनिंग की जा रही है। यदि किसी मरीज में विशेष या गंभीर लक्षण पाए जाते हैं, तो उसे आवश्यकतानुसार उच्च चिकित्सा संस्थान के लिए रेफर किया जाता है। कैंसर स्क्रीनिंग हेतु मंडलीय जिला चिकित्सालय, आजमगढ़ में कक्ष संख्या 6 निर्धारित किया गया है, जहाँ योग्य फिजीशियन उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कैंसर रोग सरकार द्वारा चलाए जा रहे एनसीडी (गैर संचारी रोग) कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के कक्ष संख्या 12 से संचालित किया जाता है।इस अवसर पर एनसीडी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमओ डॉ आलेन्द कुमार ने बताया कि जनपद के विभिन्न ब्लॉक स्तर पर भी कैंसर स्क्रीनिंग, परामर्श एवं जागरूकता गतिविधियाँ की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि विभाग का प्रयास है कि कैंसर के प्रत्येक संभावित मरीज की जल्द पहचान कर उसे उपचार की श्रृंखला में जोड़ा जाए। डॉ. आलेन्द ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रशिक्षित चिकित्सा अधिकारी एवं पैरामेडिकल स्टाफ नियमित रूप से एनसीडी क्लिनिक में स्क्रीनिंग कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि तंबाकू और गुटखा जैसे उत्पाद कैंसर के प्रमुख कारण हैं इसलिए इनसे दूरी बनाना सबसे प्रभावी बचाव है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने जनता से अपील की कि वे तंबाकू, गुटखा और शराब से पूरी तरह दूरी बनाएं, संतुलित आहार लें तथा किसी भी असामान्य लक्षण जैसे किसी भी हिस्से में गाँठ, लगातार खाँसी आना और मुँह से खून आना, मुँह में घाव का न भरना या वजन घटना को अनदेखा न करें। उन्होंने कहा कि कैंसर का समय पर पता चलने पर इसका उपचार पूर्णतः संभव है। इसलिए जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है।

# सुप्रीम कोर्ट ने हरैया ब्लाक प्रमुख चुनाव पर सुनाया फैसला, संदीप पटेल हुए विजयी

आजमगढ़ ,6 नवंबर(आर एन एस) जनपद की सगड़ी तहसील अंतर्गत हरैया ब्लॉक प्रमुख का चुनाव अब पूरी तरह सुप्रीम कोर्ट के फैसले से स्पष्ट हो गया है। सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को अपने महत्वपूर्ण निर्णय में संदीप पटेल को विजयी घोषित किया। यह फैसला 4 अक्टूबर को हुए मतदान की सीलबंद रिपोर्ट खोलने के बाद सुनाया गया।गौरतलब है कि हरैया ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ क्षेत्र पंचायत सदस्य वंदना द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर 4 अक्टूबर को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच फ्लोर टेस्ट कराया गया था। मतदान में कुल 54 क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने हिस्सा लिया था। मतदान की प्रक्रिया गुप्त मतदान (बैलेट पेपर) से हुई थी, जिसे जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार ने अपनी देखरेख में सम्पन्न कराया था। मतगणना पूरी होने के बाद परिणाम को सीलबंद लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट को भेज दिया गया था। हरैया ब्लॉक प्रमुख चुनाव केवल स्थानीय राजनीति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने भाजपा की आंतरिक गुटबाजी को भी उजागर कर दिया। हरैया ब्लॉक प्रमुख चुनाव से शुरू हुई यह गुटबाजी आगे मंत्री अनिल राजभर के कार्यक्रम तक जा पहुंची। कार्यक्रम के दौरान भी भाजपा के दोनों गुटों में तीखी झड़प और मारपीट की घटनाएं सामने आईं। यह घटना पार्टी नेतृत्व के लिए गहरी चिंता का विषय बन गई। इस पूरे प्रकरण ने भाजपा के अंदर चल रही गुटबाजी को खुलकर उजागर कर दिया है। एक तरफ पार्टी का एक धड़ा संगठन की एकता की बात कर रहा है, वहीं दूसरी ओर आंतरिक मतभेद पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं।हरैया ब्लॉक प्रमुख का यह चुनाव न केवल स्थानीय सत्ता संतुलन का प्रतीक बन गया, बल्कि यह भाजपा के लिए आंतरिक परीक्षा की तरह साबित हुआ। सुप्रीम कोर्ट के ताजा आदेश के बाद अब स्थिति स्पष्ट है संदीप पटेल हरैया ब्लॉक के वैध रूप से निर्वाचित ब्लॉक प्रमुख हैं। लेकिन इस पूरी प्रक्रिया ने यह भी दिखा दिया कि भाजपा को अब अपने ही संगठन के भीतर सुलह और अनुशासन की दिशा में गंभीर कदम उठाने होंगे, वरना स्थानीय स्तर पर होने वाले ऐसे विवाद पार्टी की एकजुटता को गहरी चोट पहुंचा सकते हैं।

# घरेलू हिंसा से पीड़ित महिला दंपति में हुआ समझौता, आयोग सदस्य ने मिलवाया गले

आजमगढ़ । राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ0 प्रियंका मौर्या की अध्यक्षता में आज पुलिस लाईन आजमगढ़ के सभागार में महिला उत्पीड़न एवं महिलाओं से सम्बन्धित समस्याओं के निस्तारण हेतु जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 35 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें घरेलू हिंसा से सम्बन्धित प्रकरण, छेड़खानी, जमीनी विवाद, गुमशुदा, साइबर क्राइम आदि से सम्बन्धित प्रकरण प्राप्त हुए। द्वारा 08 प्रकरण का त्वरित निस्तारण किया गया, शेष 27 प्रकरण को महोदया द्वारा सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को त्वरित निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया।सदस्य ने समस्त पीड़ित महिलाओं को यह आश्वासन दिया कि आपको डरने की जरूरत नहीं है, आप सभी को एक सशक्त, मजबूत स्वावलम्बी और आत्मनिर्भर महिला बनने की जरूरत हैं उ०प्र० राज्य महिला आयोग आपके साथ है। घरेलू हिंसा से पीड़ित महिला जो उ०प्र० राज्य महिला आयोग की सदस्य के समक्ष अपना प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कि और पति पत्नी के बीच द्वारा सुलह समझौता कराया गया, पति–पत्नी दोनों को समस्त अधिकारियों के समक्ष गले मिलवाया गया और मिष्ठान खिलाकर खुशी–खुशी उनको घर भेजा गया एवं महोदया द्वारा निर्देश दिया गया कि आप अपने पत्नी के ऊपर कभी हाथ नही उठायेंगे।

# एसएसपी ने जनसुनवाई में फरियादियों की सुनी समस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में नियमित रुप से होने वाली जनसुनवाई की गयी। जिसमें अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों के आवेदन लेकर उन्हें न्यायोचित, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का आश्वासन दिया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदकों की शिकायतो को गंभीरतापूर्वक सुना एवं संबंधित राजपत्रित अधिकारी (पुलिस), थाना प्रभारी से स्वयं वार्ता कर आवेदकों की शिकायत का निराकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया। फरियादियों की शिकायतों का तत्परता से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना इटावा पुलिस की प्राथमिकता है।

# आयोग की सदस्य ने खेड़ा हेलू में चौपाल लगाकर महिलाओं को किया जागरूक




न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्या पूनम द्विवेदी ने महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में महिला जनसुनवाई करते हुए पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुना एवं नारी सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति 5.0 के तहत प्रेरक महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।तदोपरान्त सदस्य ने थाना चौबिया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम खेड़ा हेलू में चौपाल लगाकर शासन की मंशानुरूप मिशन शक्ति फेज 5.0 के सम्बन्ध में महिलाओं को जागरूक किया गया तथा केन्द्र एवं राज्य द्वारा महिलाओं के लिये चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी इस दौरान महोदया ने कहा कि समस्याओं से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को त्वरित न्याय देने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। इसके लिए सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है जिससे महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके हक के प्रति सजग किया जा सके और उन्हें सशक्त बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सभी बहन– बेटियों के मान सम्मान को बनाये रखने के लिए उनकी सुरक्षा हेतु हेल्पलाइन नंबर का संचालन कर रही है। यदि कोई भी व्यक्ति किसी भी महिला एवं बालिका के मान सम्मान को ठेस पहुंचाने की कोशिश करता है तो वह बे–झिझक इन टोल फ्री नम्बर का उपयोग कर शिकायत कर सकती है। यदि उनको समय से न्याय नही मिलता है।

# एडीएम ने की बहुप्रतीक्षित न्यू वेन्यू की लांचिंग

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। हुण्डई कम्पनी की बहुप्रतीक्षित न्यू वेन्यू की राजेन्द्र हुण्डई के शोरूम पर न्यायिक एडीएम सन्दीप कुमार श्रीवास्तव द्वारा राजेन्द्र हुण्डई के डायरेक्टर नीरज तिवारी, पंकज तिवारी, दीपक तिवारी, धीरज तिवारी व अनुज तिवारी की उपस्थिति में रिबन एवं केक कटिंग के साथ भव्य लांचिग की गयी। लांचिग के अवसर पर कम्पनी के जनरल मैनेजर अजीत यादव ने बताया कि न्यू हुण्डई वेन्यू पूरी तरह से चेंज हो गयी है। इसमें हुण्डई स्मार्ट सेन्स लेबल–2 अडास सिस्टम के साथ–साथ 6 एअरबैग फ्रन्ट बोल्ड डिजायन विद क्वैड बीम एल.ईडी. हैडलेम्प, स्पैशियस केबिन, फ्रन्ट रो वैन्टीलेटिड सीट, ट्रेक्सन कन्ट्रोल मोड, ब्लूलिंक फेसिलिटी जैसे बेहतरीन फीचर दिये गये हैं। न्यू वेन्यू 2 न्यू कलर हेजल ब्लू और मैसटिक सेफायर के साथ 6 रंगो एवं पेट्रोल के पांच वेरियन्ट एवं डीजल के चार वेरियन्ट में उपलब्ध होगी। डीजल में पहली बार ऑटोमेटिक ट्रांसमिशन भी दिया गया है। उन्होंने बताया कि न्यू वेन्यू ओल्ड वेन्यू से ज्यादा चौड़ी व ऊंची है और कीमत भी ओल्ड वेन्यू से कम रखी गयी है। उन्होंने बताया कि न्यू वेन्यू अपने सेंगमेन्ट में सबसे बेहतरीन गाड़ी है। इसका मार्केट में मुकाबला मारूति ब्रीजा, टाटा नेक्सान, किया सोनेट जैसी गाड़ियों से होगा। कीमत, फीचर और डिजायन को देखते हुये यह गाड़ी हुण्डई के लिए गेम चेंजर प्रोडक्ट साबित होगा। इस अवसर पर असिस्टेन्ट सेल्स मैनेजर बीर बहादुर सिंह, वर्कशाप जनरल मैनेजर राजेन्द्र सिंह, एचप्रोमिस मैनेजर अनुराग तिवारी, ट्रेनिंग मैनेजर शिवा यादव, पूरी सेल्स व सर्विस टीम सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जाफरगंज कस्बे में गुरूवार की सुबह 22 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी है। जानकारी के अनुसार जाफरगंज कस्बा निवासी पृथ्वी पाल का पुत्र गोविन्द ने सुबह जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे निजी वाहन से उपचार के लिए सदर अस्पताल लाए। जहां उसकी हालत नाजुक बनी है। इलाज के दौरान घटना की जानकारी गोविन्द के चाचा गनेश ने दी है।

# बाइकों की भिड़ंत में महिला समेत दो जख्मी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बसोहनी के समीप गुरूवार की दोपहर बाइकों की भिड़ंत में महिला समेत दो लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार रायबरेली जनपद के थाना सरैनी गांव चंदूपुर निवासी जयशंकर का 26 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार बाइक से अपनी ससुराल मलवां थाना क्षेत्र के हिम्मतपुर गांव जा रहा था। जैसे ही वह बसोहनी गांव के समीप पहुंचा तभी सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। जिससे बाइक में बैठी 28 वर्षीय ज्योति पत्नी संजय व दूसरी बाइक सवार मनोज घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# वृद्धजनों की सेवा कर जिला उपाध्यक्ष का मनाया जन्मदिन




फतेहपुर। उत्तम उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के जिला उपाध्यक्ष अनिल महाजन का जन्मदिवस जिलाध्यक्ष मनोज साहू के नेतृत्व में भिटौरा स्थित वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धों व निराश्रितों को माल्यार्पण, भोजन करा कर आशीर्वाद प्राप्त करते हुए मनाया गया।

प्रदेश अध्यक्ष .ष्ण कुमार तिवारी की उपस्थित में वृद्धाश्रम के वृद्धजनों के मध्य केक काटकर जन्मदिवस की बधाईयां दी गई। प्रदेश अध्यक्ष .ष्ण कुमार तिवारी ने मंगलकामना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयोजन समाज में लोगों को वृद्धजनों की सेवा हेतु प्रेरित करते है। जिलाध्यक्ष मनोज साहू ने आशीर्वचन स्वरूप कहा कि मानव सेवा ही परम सेवा है। जिला उपाध्यक्ष अनिल महाजन ने कहा कि जन्मदिवस पर लोगों के असीम स्नेह और प्यार से अभिभूत हैं। वृद्धजनों की सेवा का अवसर एवं उनका आशीर्वाद प्राप्त कर मेरा जीवन धन्य हो गया। इस मौके पर श्रवण दीक्षित, प्रेमदत्त उमराव, संदीप श्रीवास्तव, प्रशांत सिंह चौहान, जय किशन, संजय गुप्ता, सलामत अली, कैस खान, सोनू शुक्ला, सर्वेश गुप्ता, संतोष गुप्ता, अशोक कुमार, अमित श्रीवास्तव, वृद्धाश्रम से व्यवस्थापिका नीतू वर्मा, अशोक यादव, प्रदीप, कल्पना, अनामिका, सविता, रामपति, आशीष, राजकरण, मुन्नालाल भी मौजूद रहे।

# चेयरमैन ने शिमला वूलन मेला का किया उद्घाटन



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के आईटीआई रोड पर स्थित जगन्नाथ सिंह की कोठी में शिमला वूलन मेला का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्य एडवोकेट ने फीता काटकर किया। संचालक राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि यह सर्दी आते ही पिछले कई वर्षों से गर्म कपड़ों का यह मेला इसी जगह पर लगाया जाता है। सर्दी की शुरुआत को देखते हुए सभी लोगों के लिए हर प्रकार के ऊनी कपड़े उपलब्ध है। जैसे कंबल, शाल, स्टॉल, कार्डिगन जेंट्स सूट, जैकेट, सदरी, कुर्ती का विशाल भंडार मौजूद है। सभी की पसंद के नए–नए व महिलाएं पुरुष बच्चों के सुंदर गर्म कपड़े एक ही जगह पर मिल रहे हैं। कपड़ों की अच्छी क्वालिटी वाजिब रेट पर उपलब्ध है। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व विधायक अनिल सिंह, सरवन कुमार, किशन, आनंद, कपूर सिंह, पवन, सूरज, अमित, अफसर सिद्दीकी आदि लोग मौजूद रहे।

# शाह कस्बे में चौकी और स्कूल के पास बना अवैध हाफ ब्रेकर साबित हो रहा जानलेवा

## दो माह पूर्व नेशनल मीडिया प्रेस क्लब द्वारा दिए गए ज्ञापन पर भी नहीं हुई कार्रवाई



फतेहपुर जिले के शाह कस्बे में सड़क सुरक्षा को लेकर विभागीय लापरवाही अब गंभीर रूप ले चुकी है। रिपोर्टिंग पुलिस चौकी के ठीक सामने और बाल मन्दिर स्कूल के पास बनाया गया अवैध हाफ ब्रेकर लगातार दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है। मानकों, नियमों और सड़क सुरक्षा दिशानिर्देशों की पूरी तरह अनदेखी कर बनाए गए इस ब्रेकर ने स्थानीय लोगों, स्कूली बच्चों और वाहन चालकों की जान जोखिम में डाल दी है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह ब्रेकर न केवल गलत ऊँचाई और चौड़ाई का है, बल्कि बिना किसी विभागीय अनुमति और डिजाइन के बनाया गया है। यहाँ न रिफ्लेक्टर लगे हैं न चेतावनी बोर्ड, न रोड मार्किंग और न ही स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था है। रात में यह पूरी तरह अदृश्य हो जाता है और कई वाहन अचानक उछलकर गिरने से बाल–बाल बचते हैं। दोपहिया चालकों के घायल होने की घटनाएँ भी सामने आ चुकी हैं।सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह जानलेवा ब्रेकर पुलिस चौकी के ठीक सामने मौजूद है, फिर भी अब तक इसे हटाने या सुधारने की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई। रोजाना हजारों लोगों का इस रास्ते से आवागमन होने के बावजूद जिम्मेदार चुप्पी सवाल खड़े कर रही है।लगभग दो माह पूर्व नेशनल मीडिया प्रेस क्लब ने इस समस्या को लेकर शाह रिपोर्टिंग चौकी प्रभारी के माध्यम से एक औपचारिक ज्ञापन भी सौंपा था, जिसमें इस खतरनाक ब्रेकर को हटाकर उसकी जगह मानक अनुसार स्लाइड पट्टी (रम्बल स्ट्रिप) बनाने और उचित संकेतक बोर्ड लगाने के साथ कस्बे के चौराहे व बैंक वाली गली के पास स्पीड स्लाइड ब्रेकर के साथ संकेत बोर्ड की मांग की गई थी। ज्ञापन में यह भी उल्लेख था कि वर्तमान स्थिति किसी बड़ी दुर्घटना को जन्म दे सकती है।इस संबंध में चौकी प्रभारी आकाश मिश्र ने नेशनल मीडिया प्रेस क्लब के जिला अध्यक्ष से वार्तालाप में बताया कि ज्ञापन की रिपोर्ट छभ्।ए को भेज दी गई है।हालाँकि, इस पर जिला अध्यक्ष का कहना है अगर रिपोर्ट भेजी गई है, तो फिर जिम्मेदार विभाग अब तक संज्ञान क्यों नहीं ले रहा? कार्रवाई क्यों लंबित है स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रेस क्लब जैसे मान्यता प्राप्त संगठन की शिकायत को भी अनदेखा करना छभ्।ए के जिम्मेदार अधिकारियों की गंभीर उपेक्षा को दर्शाता है।कस्बे के व्यापारियोंअभिभावकोंग्रामीणोंऔर राहगीरों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस अवैध ब्रेकर को नहीं हटाया गया,तो वे उग्र विरोध करने को मजबूर होंगे और मामला उच्च अधिकारियों के कार्यालय तक ले जाया जाएगा।शाह कस्बे में चौकी और स्कूल के सामने बना यह अवैध हाफ ब्रेकर किसी भी दिन बड़ा हादसा कर सकता है। सभी पक्ष अपनी बात कह चुके हैंकृअब सवाल यह है कि एनएचएआई के जिम्मेदार अधिकारी कब कार्रवाई करेंगे।

# लूट का खुलासा, दो लुटेरे गिरफ्तार



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह के दो सदस्यों को इंटेलीजेंस विंग, एसओजी व सदर कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर बकंधा भट्ठा के समीप से गिरतार कर लिया। उनके पास से लूट के रूपए समेत तमंचा–कारतूस व लोडर बरामद किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेज दिया। सदर कोतवाली पुलिस एक नवंबर को पंजी.त मु0अ0सं0 439/2025 धारा 309(4)/115(2)/352/351(2) बीएनएस में अभियुक्तों की गिरतारी के प्रयास में लगी थी। इंटेलीजेंस विंग, एसओजी व सदर कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीमें गष्त पर थी। तभी मुखबिर की सूचना पर लूट की घटना में शामिल अभियुक्तों सिजान जाफरी पुत्र साजिद जाफरी निवासी ग्राम अस्ती थाना कोतवाली व सुशील कुमार पुत्र दयाराम लोधी निवासी बड़ी बाजार खजुहा थाना बिन्दकी को बकंधा भट्ठा के समीप से गिरतार कर लिया। पुलिस ने दोनों के पास से लूटा हुआ 14600 रुपए, एक तमंचा, दो कारतूस 315 बोर, एक मोबाइल व घटना में प्रयुक्त वाहन लोडर के साथ गिरतार कर लिया। गिरतारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी करते हुए गिरतार अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया। गिरतार करने वाली टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक तारकेश्वर राय, उपनिरीक्षक संतोष कुमार शुक्ल, अखिलेश यादव, अनीश शुक्ला, कांस्टेबल मंगला प्रसाद, बबलू, अनीश यादव, एसओजी प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार यादव, हेड कांस्टेबल अनिल सिंह, शैलेन्द्र कुशवाहा, कांस्टेबल अमन सिंह, राहुल कुमार, अतुल त्रिपाठी, बृजेश पाल, अभिमन्यु पटेल, इंटेलीजेंस विंग प्रभारी विनोद मिश्रा, हेड कांस्टेबल मनोज मौर्या, कांस्टेबल विकास, राजकुमार, प्रमोद कुमार, जयप्रकाश, हरीश कुमार शामिल रहे।

# महर्षि स्कूल में सीपीआर प्रशिक्षण व जागरूकता अभियान का शुभारंभ

## - रेडक्रास चेयरमैन ने दी जानकारी, रक्तदान की अपील



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के चेयरमैन व प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने सीपीआर प्रशिक्षण, जागरूकता व रक्तदान जागरूकता अभियान का शुभारंभ महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल व जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से किया।डॉ अनुराग ने बताया कि सीपीआर को हम कार्डियक पल्मोनरी रिससिटेशन कहा जाता है और जब किसी व्यक्ति की अचानक से ह्रदय गति रुक जाती है तो हम उसे सीपीआर देकर बचा सकते हैं। एक वर्ष से ऊपर के व्यक्तियों को 30 बार दबाव व दो बार मुंह से सांस देते रहना है अनवरत जब तक ह्रदय धड़कना शुरू न कर दें। साथ ही डॉ अनुराग ने बताया कि एक वर्ष से कम उम्र के बच्चे को सीपीआर देने में 15 बार दबाना व 2 बार मुंह से सांस देना है। इस प्रक्रिया से हम किसी व्यक्ति की जान बचा सकते हैं। साथ ही स्वस्थ व्यक्ति 18 से 65 वर्ष की आयु वाले रक्तदान कर सकते हैं और एक रक्तदान से चार जिंदगी बचा सकते हैं। डॉ अनुराग ने डॉयट में सभी ट्रेनी से रक्तदान करने की अपील भी की। इस अवसर पर महर्षि विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी, विनय कुमार मिश्र सेवारत प्रशिक्षण प्रभारी डायट, अजीत सिंह सचिव, चैतन्य कुमार संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ इंडियन रेडक्रास सोसाइटी उपस्थित रहे।

# पुलिस के हत्थे चढ़े छह हत्याभियुक्त



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हथगाम थाना पुलिस ने हत्या के अभियोग में वांछित चल रहे छह अभियुक्तों को मुखबिर की सूचना पर गिरतार कर लिया। उनकी निशानदेही पर आलाकत्ल डण्डा व लोहे का राड भी बरामद कर लिया है। सभी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेज दिया। हथगाम पुलिस ने हत्या के अभियोग अ0सं0 196/2025 धारा–191(2)/191(3)/190/103(1)/3(5) बीएनएस के वांछित अभियुक्त दिलीप कुमार पुत्र स्व0 रामभजन, अर्जुन पुत्र स्व0 रामभजन, मोनू कुमार पुत्र दिलीप कुमार, अभिषेक पुत्र दिलीप कुमार निवासीगण बहादुरपुर मजरे अब्दुलापुर थाना हथगाम, नरेन्द्र कुमार पुत्र रामविशाल निवासी लक्ष्मनपुर थाना थरियांव व बाल अपचारी को शाहपुर नहर पुलिया के पास से गिरतार कर घटना में प्रयुक्त दो लाठी व एक लोहे का राड बरामद किया। अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया। गिरतारी करने वाली टीम में निरीक्षक दुर्गेश प्रसाद गुप्ता, उपनिरीक्षक राज बहादुर यादव, बीरभद्र सिंह, हेड कांस्टेबल धर्मराज, रामआसरे गुप्ता, कांस्टेबल जय सिंह यादव, अमित प्रजापति, रंजीत पटेल शामिल रहे।

# विवादित मंगी मकबरे पर पूजा करने पहुंची महिलाएं



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले में एक बार फिर विवादित मंगी मकबरे के मामले ने तूल पकड़ लिया। बीते बुधवार की देर शाम देव दीपावली पर विवादित स्थल के सामने दर्जनों महिलाएं समूह बनाकर पूजा–अर्चना के लिए पहुंची थीं, जिन्हें सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों ने रोक लिया। इससे नाराज महिलाओं ने गाली–गलौज करते हुए पुलिस कर्मियों से अभद्रता की। इस मामले में एक नामजद और बीस अज्ञात महिलाओं पर सुसंगत धाराओं में केस दर्ज किया गया है। हालांकि इस दौरान जिद पर अड़ी महिलाओं ने विवादित स्थल की तरफ रुख कर आरती की। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के आबूनगर रेडुइया मोहल्ला स्थित विवादित धार्मिक स्थल मकबरा–मंदिर पर पुलिस–प्रशासन का सख्त पहरा है। बावजूद इसके शाम करीब सात बजे देव दीवाली पर बीस से अधिक महिलाएं पूजा और आरती के लिए मकबरा स्थल की बैरिकेडिंग तक पहुंचकर महिलाओं ने दूर से ही विवादित स्थल की तरफ चेहरे का रुख कर पूजा–पाठ और आरती की। यह देख ड्यूटी में तैनात महिला पुलिस कर्मियों ने ऐसा न करने से रोकने का प्रयास किया और सदर कोतवाली पुलिस को तत्काल इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंचे कोतवाल तारकेश्वर राय ने महिलाओं को अपने–अपने घरों में जाकर पूजा–अर्चना करने की बात कही। आरोप है कि इससे नाराज महिलाओं ने गाली–गलौज करते हुए पुलिस वालों से अभद्रता की। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। वीडियो में महिलाएं पूजा–अर्चना करते भी देखी जा सकती हैं। कोतवाल तारकेश्वर राय ने बताया कि मामले में महिला आरक्षी मंजू सिंह की तहरीर पर एक नामजद और बीस अज्ञात महिलाओं के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने और पुलिस कर्मियों से अभद्रता करने की संगीन धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

# अल्लीपुर समिति में आई खाद, लगी किसानों लाइन



न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। क्षेत्र के अल्लीपुर भादर सहकारी समिति में बृहस्पतिवार की सुबह चार सौ बोरी खाद का नया स्टॉक पहुंचा है। समिति के सचिव राजेंद्र कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस स्टॉक में 100 बोरी एनपी के और 300 बोरी पीपीएल खाद शामिल है। उन्होंने बताया कि समिति में अब खाद का पर्याप्त भंडारण हो चुका है, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की खाद की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा।पिछले कुछ दिनों से जिले के कई क्षेत्रों में डीएपी और अन्य खादों की कमी के चलते किसान परेशान दिखाई दे रहे थे। लेकिन अब सहकारी समितियों में लगातार खाद की आपूर्ति शुरू हो जाने से किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई है। किसान अब रबी की फसलों की बुवाई के लिए खाद उपलब्ध है। किसानों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए समय–समय पर खाद का वितरण किया जा रहा है और यदि मांग बढ़ती है तो अतिरिक्त खाद की व्यवस्था भी की जाएगी। अल्लीपुर भादर नीति सहकारी समिति में पहुंचे इस नए स्टॉक से क्षेत्र के सैकड़ों किसानों को बड़ी राहत मिली है।

# प्रिंटर खराब, हो रही समस्या

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। नगर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित डाकघर के बुकिंग सेंटर का प्रिंटर कई दिनों से खराब होने के कारण लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। प्रिंटर खराब होने से बुकिंग कराने वाले ग्राहकों को रिसीविंग पर्ची नहीं मिल पा रही है। इससे न तो उन्हें पार्सल या मनीऑर्डर की स्थिति का पता चल पा रहा है और न ही किसी शिकायत की स्थिति में दस्तावेज दिखा पा रहे हैं।नगर के रामनगर मोहल्ला निवासी ताराचंद्र पांडेय और रामनारायण ने बताया कि कई दिनों से बुकिंग सेंटर में प्रिंटर खराब पड़ा है। लोग घंटों लाइन में लगते हैं, लेकिन अंत में उन्हें बिना रिसीविंग के ही वापस लौटना पड़ता है। इससे ग्राहकों में नाराजगी है। पोस्टमास्टर पंकज कुमार ने बताया कि प्रिंटर खराब होने की सूचना उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है। जब तक नया प्रिंटर नहीं आता, तब तक अस्थायी रूप से मोबाइल से रिसीविंग का प्रिंट निकालकर ग्राहकों को दिया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही प्रिंटर की समस्या का समाधान कर दिया जाएगा, ताकि ग्राहकों को सुविधा मिल सके।

# सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेला आज

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि कार्यालय की ओर से कल (आज) परिसर में प्रातः दस बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। रोजगार मेला में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी का सेवायोजन विभाग के रोजगार संगम पोटल पर पंजीयन होना अनिवार्य है। शिविर में कॉर्प नोएडा द्वारा इंटर, आईटीआई डिप्लोमा उत्तीर्ण 18 से 30 वर्ष के पुरुष महिला अभ्यर्थियों को वेतनमान 12857 प्रतिमाह व अन्य सुविधाए, ब्लिंकिट द्वारा हाईस्कूल उत्तीर्ण 18 से 35 वर्ष के पुरूष महिला अभ्यर्थिया का वेतनमान 19000 व अन्य भत्ते प्रतिमाह, इलीमेंट्स कंसलटैंट प्रा०लि० नोएडा द्वारा आपरेटर ट्रेनी हेतु आई0टी0आई0, डिप्लोमा उत्तीर्ण 18 से 35 वर्ष के पुरूष, महिला अभ्यर्थियों का वेतनमान 12000 प्रतिमाह एवं प्राइम कनेक्स सर्विसेज, फतेहपुर द्वारा कम्प्यूटर आपरेटर, सेल्स एक्जक्यूटिव हेतु इंटर उर्तीण 18 से 27 वर्ष के पुरूष महिला माह 7000 प्रतिमाह के लिये चयन सम्बन्धी कार्यवाही की जायेगी। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी कार्यालय के दूरभाष संख्या 05180–298602 पर प्राप्त कर सकते है।

# संलग्न प्रारूप पर उपलब्ध कराएं चयन सूची

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि जनपद में भेड़ पालन योजनांतर्गत पांच इकाईयों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। चयन की प्रक्रिया निर्धारित गाइडलाइंस के अनुसार किया जाना है। इसलिए पत्र के साथ संलग्न दिशा–निर्देशों के अनुसार चयन की सूची/विवरण शीघ्र अतिशीघ्र संलग्न प्रारूप पर उपलब्ध कराएं। जिससे उक्त लाभार्थियों की सूची निदेशक प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग, उ०प्र० लखनऊ को प्रेषित करते हुए अग्रिम कार्यवाही की जा सकें।

# गंगा में डूबकर वृद्ध की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के भिटौरा अंतिम संस्कार के लिए गए 70 वर्षीय वृद्ध की गंगा नदी में डूबकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन हेतु भेज दिया। जानकारी के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र के मदरियापुर गांव निवासी स्व0 सुक्खू का पुत्र सूरजपाल बुधवार की शाम रिश्तेदारी में हुई मिट्टी में शामिल होने के लिए भिटौरा गया था। बताते हैं कि अंतिम संस्कार के बाद वह पक्का घाट नहाने चला गया। जैसे ही वह गंगा में कूदा तभी गहरे पानी में ला गया। मौजूद परिजनों ने उसे बाहर निकाला और उपचार के लिए पीएचसी ले गए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# मामूली कहासुनी में पत्नी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम सड़वापर में बुधवार की शाम पत्नी से विवाद के बाद पति ने अपनी 60 वर्षीय पत्नी की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। उधर पुलिस उसकी गिरतारी में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार सड़वापर गांव निवासी रामनारायण का अपनी पत्नी लल्ली देवी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिसको लेकर क्रोध में आकर पति ने पत्नी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी और फरार हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद शव को विच्छेदन हेतु भेज दिया। सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि पति पड़ोसी के घर में खाना खाने चला गया था इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिस पर पति ने घटना को अंजाम दे डाला।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )